दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
बिलासपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2020, वैशाख कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-5 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

देश में लॉकडाउन तीन मई तक बढ़ गया है। इस दौरान पहले सप्ताह में लॉकडाउन का कड़ाई पूर्वक पालन कराने की बात प्रधानमंत्री ने कही है। वास्तव में लॉकडाउन का यदि सख्ती से पालन न हो तो लॉकडाउन का कोई मतलब ही नहीं है। एक मछली ही सारे तालाब को गंदा कर देती है जबकि हमारे देश में तो ऐसे कई मगरमच्छ है जो लॉकडाउन की धज्जियां उड़ाते और कोरोना को देश के कोने-कोने में पहुंचाते घूम रहे हैं। यदि कोरोना को हराना है तो लॉकडाउन तोड़ने वालों को चाहे वे कोई भी हो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी ही चाहिए।

सड़कों पर उतरे हजारों मजदूर

बांद्रा स्टेशन में इकट्ठा हुई लोगों की भीड़ पर पुलिस ने बरसाई लाठियां

लॉकडाउन का उल्लंघन: मजदूरों ने की घर भेजने की मांग

मुंबई ए.। कोरोना के खतरे के कारण देशभर में लॉकडाउन लागू है। इस बीच मुंबई के बांद्रा में हजारों लोग सड़क पर उतर आए हैं। इतने सारे लोगों के सड़क पर आने से कोरोना के फैलने का खतरा बढ़ गया है।

जानकारी के मुताबिक, ये लोग खाने की समस्या बता रहे हैं और घर भेजने की मांग कर रहे हैं। कोरोना से बुरी तरह प्रभावित मुंबई में इस कदर भीड़ का उमड़ना काफी डराने वाला है। कहा जा रहा है कि भीड़ के रूप में जुटे ज्यादातर लोग दूसरे राज्यों के प्रवासी कामगार हैं। ये लोग शिकायत कर रहे हैं कि उन्हें यहां खाने-पीने की समस्या हो रही है इसलिए ये अपने घर जाना चाहते हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र में

अब तक कोरोना के सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र में ही सामने आए हैं। राज्य में कोरोना के कुल 2334 मरीज सामने आए हैं। इसमें से 217 मरीज ठीक हो चुके हैं और कोरोना के चलते 160 लोगों की मौत हो चुकी है। सिर्फ मुंबई में ही कोरोना के हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं और 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

3 मई तक बढ़ा लॉकडाउन

कोविड-19 खिलाफ जंग में पीएम मोदी ने मांगे 7 वचन

नई दिल्ली (वार्ता)। देशभर में जारी कोरोना कहर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशव्यापी लॉकडाउन की अवधि को 3 मई तक बढ़ाने का फैसला लिया है। कोरोना वायरस लॉकडाउन के 21वें दिन देश के नाम संबोधन में मंगलवार को सुबह 10 बजे पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए देश में 3 मई तक लॉकडाउन जारी रहेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि 20 अप्रैल के बाद कुछ सीमित सेक्टर्स में सशर्त सीमित छूट दी जा सकती है। मगर कोरोना वायरस के मामलों में कमी नहीं दिखने पर इसे वापस ले लिया जाएगा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

20 अप्रैल बाद कुछ छूट संभव

पीएम मोदी ने कहा कि अगले एक सप्ताह में कोरोना के खिलाफलड़ाई में कठोरता और ज्यादा बढ़ाई जाएगी। 20 अप्रैल तक हर कस्बे, हर थाने, हर जिले, हर राज्य को परखा जाएगा, वहां लॉकडाउन का कितना पालन हो रहा है, उस क्षेत्र ने कोरोना से खुद को कितना बचाया है, ये देखा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जो क्षेत्र इस अग्निपरीक्षा में सफल होंगे, जो हॉटस्पॉट में नहीं होंगे और जिनके हॉटस्पॉट में बदलने की आशंका भी कम होगी, वहां पर 20 अप्रैल से कुछ जरूरी गतिविधियों की अनुमति दी जा सकती है।

पूर्व सीएम रमन ने दिए भूपेश सरकार को सुझाव तो मंत्री सिंहदेव ने कसा तंज

दिहाड़ी मजदूरों, बूढ़ों, दिव्यांगों के लिए बनाएं कार्ययोजना

आप 15 साल सीएम रहे, आपको सलाह देने से किसने रोका?

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। देशभर में लॉकडाउन 3 मई तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। आने वाले दिनों में राज्य में मजदूरी करने वाले, रोज कमाने वाले, वृद्ध और विकलांग के लिए कार्ययोजना को आगे बढ़ाना होगा। राज्य में सरकार द्वारा समुचित प्रयास जारी है। मेरा कुछ सुझाव है। जिसमें सामाजिक संगठन, धार्मिक समुहों, राजनीतिक दल, के कार्यकर्ताओं का बड़ा योगदान छत्तीसगढ़ में लॉकडाउन के दौरान रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग ने उन्हें इस कार्य से अलग रखे जाने का आदेश जारी किया है, उचित होगा ऐसे संगठन को सोशल डिस्टेन्सिंग के साथ कार्य करने की अनुमति मिले हजारों लोग गुरुद्वारे के लंगर में भोजन कर रहे है। अन्य संगठन भी अपने सामाजिक भवन में सेवा कार्य में लगे है।

एक ही जिले राजनांदगांव में 10 से 15 हजार लोगों को भोजन, नास्ता, सुखा खाना, बांटा जा रहा है इसमें प्रशासन का 1 रूपया भी खर्च नहीं हो रहा है। सभी जिलों में सभी संगठनों को मिलाकर लाखों की संख्या में यह कार्य जारी है, देश के अन्य हिस्सों में एनजीओ यह कार्य कर रहे है, यहां भी अनुमति प्रदान करें। छत्तीसगढ़ के मजदूर अलग-अलग 15 से ज्यादा राज्यों में 50 हजार से 1 लाख तक की संख्या में रूके है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रमन सिंह अपने नेताओं के संपर्क में शायद नहीं है, इसलिए वे बोल रहेः सिंहदेव

पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के बयान पर तंज कसते हुए स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने पटलवार किया है। सिंहदेव ने कहा कि वे 15 साल तक मुख्यमंत्री रहे वो हमें सलाह दे सकते हैं कि हम कैसे काम करें। वो मीडिया, सोशल मीडिया में हमसे बात करके हमें बता सकते हैं। उन्हें सुझाव देने के लिए किसी ने मना नहीं किया। दूसरी बात यह है कि वे अपने दल के नेता या दिल्ली के सम्पर्क में अगर होते तो उन्हें मालूम होता कि स्थिति क्या है। हम उन्हीं के दल के नेताओं से ही बात करके यहां पर व्यवस्था कर रहे हैं। उन्हें नियमित नेताओं के संपर्क में रहना चाहिए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास खबर

हाईकोर्ट में अब अत्यावश्यक मामलों की होगी सुनवाई

रायपुर (नव प्रदेश)। लॉकडाउन को 3 मई तक बढ़ाने के ऐलान के बाद अब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भी न्यायालीन कार्यो को 3 मई तक के लिए स्थगित कर दिया है। इस बाबत रजिस्ट्रार जनरल ने आदेश जारी कर दिया है। इससे पहले कोर्ट ने 14 अप्रैल तक कोर्ट के कामों को स्थगित कर दिया था। रजिस्ट्रार जनरल नीलम चंद्र सांखला द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रधानमंत्री के सम्बोधन और उसके तारतम्य में गृह मंत्रालय द्वारा देशभर में 3 मई तक लॉकडाउन किया गया है। इसे देखते हुए हाईकोर्ट, जिला न्यायालय तथा अन्य सभी अधीनस्थ न्यायालयों का नियमित कामकाज 3 मई तक स्थगित रखा जायेगा। इसके पूर्व हाईकोर्ट ने 31 मार्च तक अदालतों के नियमित कामकाज को स्थगित किया था, जिसके बाद उसे 14 अप्रैल तक के लिए बढ़ाया गया था, अब उसे 3 मई तक के लिए बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

देश में दवा और रोजमर्रा की चीजों का पर्याप्त भंडार: शाह

नयी दिल्ली (वार्ता)। कोरोना महामारी के कारण पूर्णबंदी की अवधि तीन सप्ताह और बढाये जाने के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश में अन्न, दवाओं और रोजमर्रा की अन्य चीजों का पर्याप्त भंडार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज राष्ट्र के नाम संबोधन में पूर्णबंदी की अवधि तीन सप्ताह और बढाये जाने के ऐलान के बाद श्री शाह ने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा , गृह मंत्री के नाते मैं जनता को पुनः आश्वस्त करता हूँ कि देश में अन्न, दवाई व अन्य रोजमर्रा की चीज़ों का पर्याप्त भण्डार है, इसलिए किसी भी नागरिक को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही उन्होंने संपन्न लोगों का आह्वान किया कि वे आगे आकर आसपास रहने वाले गरीबों की सहायता करें।

कोरोना टेस्ट की रफ्तार धीमी

■ राहुल गांधी ने कोरोना की टेस्टिंग पर उठाए सवाल, किट खरीद में देरी का लगाया आरोप

नई दिल्ली ए.। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कोरोना वायरस की टेस्टिंग को लेकर भारत सरकार पर सवाल उठाए हैं। साथ ही उन्होंने कुछ देशों का आंकड़ा देकर आरोप लगाया है कि टेस्टिंग की संख्या के मामले में भारत काफी पीछे है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया है कि टेस्टिंग किट खरीदने में भारत ने देरी की और अब किट्स की कमी हो गई है।

राहुल ने ट्विटर पर लिखा, भारत ने टेस्टिंग किट खरीदने में देरी और अब कमी हो गई है। 10 लाख में सिर्फ149 टेस्ट के औसत के साथ भारत लाओस (157), नाइजिरिया (182) और हॉन्ड्रस (162) जैसे देशों के साथ खड़ा है। व्यापक तौर पर टेस्टिंग ही इस लड़ाई में अलग कड़ी है। वर्तमान में हम कहीं नहीं हैं।

आईसीएमआर ने कहा- दो हफ्ते के लिए पर्याप्त हैं किट्स

भारत में टेस्टिंग किट्स की संख्या के बारे में एक दिन पहले ही आईसीएमआर ने कहा था कि देश में किट्स की कमी नहीं है। आईसीएमआर के रमन आर गंगाखेड़कर ने कहा था, 'अभी हमारे पास जितना स्टॉक है, उससे छह हफ्ते तक टेस्टिंग कर सके हैं। चीन से आने वाली किट्स की पहली खेप 15 अप्रैल को भारत पहुंचेगी। घबराने की कोई जरूरत नहीं है। इससे पहले राहुल गांधी ने लॉकडाउन के मुद्दे पर सरकार को सलाह दी थी। उन्होंने ट्विटर पर लिखा था, 'किसानों, श्रमिकों, दिहाड़ी मजदूरों, व्यापारियों, सभी को एक पैमाने से नहीं देखा जा सकता। पूर्ण लॉकडाउन कई वर्गों के लिए विपदा बन गया है। देश को स्मार्ट समाधान की जरूरत है। बड़े स्तर पर टेस्ट, वायरस हॉटस्पॉट की पहचान और घेराव, बाकी जगहों पर सावधानी से धीरे-धीरे काम-काज शुरू होना चाहिए।

कटघोरा में और दो संक्रमित मिले, संख्या 24

■ एम्स ने की पुष्टि, संख्या 33 पहुंची

रायपुर/कोरबा (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ में कोरोना के दो और पॉजिटिव मरीज मिले है. ये दोनों ही केस आज कोरबा के कटघोरा में सामने आए हैं। एम्स के डायरेक्टर नितिन नागरकर ने पुष्टि करते हुए कहा कि कटघोरा में मिले मरीज में से एक महिला 50 वर्ष और एक पुरुष 41 वर्ष है। 12 मार्च को इनका सैंपल लिया गया था और आज रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसमें से एक मरीज पहले से ही एम्स में भर्ती है, जबकि दूसरे को एम्स लाया जा रहा है। इन दो नए मामलों के सामने आने बाद कटघोरा में अकेले संक्रमित मरीजों की संख्या 24 हो चुके है. वहीं कोरबा जिले में कुल संख्या 25 हो गई है। जबकि छत्तीसगढ़ की बात करें, तो अब तक कुल 33 कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आ चुके हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इधर राजधानी में 1180 घरों में पीलिया के 200 की पहचान

■ मिशन की स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर कर रही जांच

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। शहरी स्वास्थ्य मिशन की स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने 1180 घरो में पीलिया के 90 लोगो की खोज करी। रायपुर में दूषित पयेजल से फैला पीलिया की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों घर घर भ्रमण कर मरीजो को खोज रहे है। आमापारा,

मंगल बाजार, चंगोराभाठा, अटारी, मठपुरेना में जल जनित संकर्मण है। जिससे अभी तक 193 की धनात्मक रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज और हमर लैब से प्राप्त हुए है। सोमवार को स्वास्थ्य के कर्मचारियों ने घर घर भ्रमण किया। शहर के आम जनता को स्वच्छ पेयजल के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी। शहर में आज छ स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों मैं 170 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जाँच करवायी। घर घर भ्रमण और शिविरों में 90 लोगों में पीलिया के लक्षण पाये गए। संभावितों के रक्त परिक्षण के लिए सभी के सैंपल परिक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज और हमर लैब भेजा गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीन मई तक न ट्रेनें चलेंगी और न प्लेन

नई दिल्ली (वार्ता)। देशभर में कोरोना लॉकडाउन को 3 मई तक बढ़ाने के पीएम मोदी के ऐलान के बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विमानों का परिचालन 3 मई की रात 11.59 बजे तक निलंबित रहेगा। रेलवे मंत्रालय के अनुसार, 'प्रीमियम ट्रेन, मेल/एक्सप्रेस ट्रेन, पैसेंजर ट्रेन, उपनगरीय ट्रेन, कोलकाता मेट्रो रेल, कोंकण रेलवे आदि सहित भारतीय रेलवे की सभी यात्री ट्रेन सेवाएं 3 मई तक निलंबित रहेंगी। ऐसी संभावना थी कि 14 अप्रैल के बाद सरकार कुछ ट्रेनों को चला सकती है, मगर देश में कोरोना की रफ्तार में अभी कमी देखने को नहीं मिली है, जिसकी वजह से लॉकडाउन की अवधि के साथ ही 3 मई तक रेल और विमान सेवाएं रद्द कर दिया गया है।

लॉकडाउन-2 में पीएचक्यू न्यायालय 3 मई तक प्रभावित

हाईकोर्ट और डीजीपी का निर्देश जारी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। पुलिस महानिदेशक श्री डीएम अवस्थी ने निर्देश जारी किए हैं कि आगामी 3 मई तक पुलिस मुख्यालय उन्हीं कर्मचारियों को बुलाया जाए जिनकी बहुत आवश्यकता हो। शेष कर्मचारियों को यथासंभव जब तक आवश्यक नहीं हो पुलिस मुख्यालय न बुलाया जाए। आदेश में कहा गया है कि 24 मार्च को लॉक डाउन के उपरांत जो व्यवस्था लागू की गई थी उसे 3 मई तक बढ़ाया जाता है। सभी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और इनसे वरिष्ठ अधिकारी महत्वपूर्ण कार्य अपने निज स्टाफ के माध्यम से कार्य सम्पादित करेंगे। आदेश में कहा गया है कि अधिकारी आवश्यक होने पर पुराना पुलिस मुख्यालय स्थित गुप्तवार्ता एवं एसआईबी बिल्डिंग का उपयोग शासकीय कार्य के लिए कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि 24 मार्च 2020 को लॉकडाउन के उपरांत आदेशित व्यवस्था के तहत कोई भी पुलिस अधिकारी-कर्मचारी बिना डी.जी.पी. की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे और ना ही घर से बाहर जाएंगे। सभी घर मे रहकर ही शासकीय कार्य का सम्पादन करेंगे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

इंतजाम — स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया

80 करोड़ लोगों को तीन माह तक मुफ्त मिलेगा राशन

नई दिल्ली ए.। देश में लॉकडाउन 3 मई तक बढ़ाने के साथ ही सरकार ने गरीबों की राहत की योजना का भी ऐलान कर दिया। केंद्र सरकार ने अगले तीन महीनों तक 80 करोड़ गरीबों को हर महीने 5-5 किलो अनाज मुफ्त में देने का ऐलान किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में गृह मंत्रालय की प्रवक्ता पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने कहा, 'अनिवार्य वस्तुओं एवं सेवाओं की स्थिति नियंत्रण में है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत लगभग 80 करोड़ लोगों को अगले तीन महीनों तक उनकी पसंद के मुताबिक 5 किलो गेहूं या चावल प्रति माह मुफ्त दिए जाने का फैसला किया गया है।' गृह मंत्रालय की प्रवक्ता ने बताया कि इसके लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अतिरिक्त अनाज जारी कर दिया गया है। 13 अप्रैल, 2020 तक 22 लाख टन से ज्यादा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मजदूरों के लिए उठाए बड़ा कदम

केंद्र सरकार ने मजदूरों की समस्याओं का खास ख्याल रखने की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया है। गृह मंत्रालय की प्रवक्ता ने बताया, 'श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने विशेष तौर पर मजदूरों की समस्याओं के निदान के लिए पूरे देश में 20 शिकायत केंद्र स्थापित किया है। ये केंद्र चीफ लेबर कमिश्नर की निगरानी में काम कर रहे हैं। हेल्पलाइन की विस्तृत जानकारी श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

बैंकों में लगी भीड़ बनी समस्या

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता लव अगरवान ने बताया कि बैंक खातों में आ रही सहायता राशि निकालने के लिए बैंकों के आगे लग रही भीड़ पर सरकार का ध्यान है। इस समस्या को दूर करने के लिए स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की मदद ली जा रही है। उन्होंने कहा, 'फील्ड लेवल पर स्वयंसेवा सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं बैंक सखी की भूमिका निभाते हुए पीएम जनधन योजना, पीएम किसान योजना खातों और रोजगार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

70 प्राइवेट लैब्स में हो रहा टेस्ट

उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल तक 2,31,902 सैंपल की जांच हो चुकी थी। सिर्फ 13 अप्रैल को 21,635 सैंपल की जांच हुई जिनमें 18,644 की जांच ICMR नेटवर्क के लैब में हुई जबकि 2,991 सैंपल की जांच प्राइवेट लैब्स में हुई। अभी तक देशभर में 166 लैब्स ICMR नेटवर्क के अंतर्गत हैं जबकि 70 प्राइवेट लैब्स में कोरोना टेस्ट हो रहे हैं।

न्यूज गैलरी

खाद्यान्न बैंक दानदाताओं के लिये अनाज रथ की सेवा प्रारंभ की

सक्ती। प्रशासन द्वारा खाद्यान्न बैंक दानदाताओं के लिये अनाज रथ की सेवा प्रारंभ की गई । अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ. सुभाष सिंह राज ने 13 अप्रैल से अनाज रथ सेवा प्रारंभ करवाई । खाद्यन्न बंक के लिए डोनेट ऑन व्हील नगर में प्रारंभ किया । खाद्यन्न बैंक के दानदाताओं से यदि उनके घर पहुंच कर वाहन द्वारा खाद्य सामाग्री एकत्र किया जा रहा है । क्योंकि लॉक डाउन के कारण किराए में खाद्यन्न परिवहन हेतु वाहन उपलब्ध नही है जिसके कारण दानदाओं को परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है तथा खाद्यन्न रथ के प्रारंभ होने से आकि मात्रा में दानदाताओं से अनाज एवं दैनिक उपभोग की वस्तुएं संग्रहण कर अनाज बैंक में जमा किया जा सकता है जिसे जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराया जा सकता है । क्योकि लॉकडाउन 3 मई तक बढ़ाई गई है । ऐसी स्थिति में जरूरतमंदों को वितरण करने के लिए अधिक मात्रा में खाद्यन्न की जरूरत पडेगी जिसे दानदाताओं के द्वार तक अनाज रथ के माध्यम से पहुंचकर अनाज एवं दैनिक अन्य उपयोगी वस्तुएं संग्रहण करके पूर्ण किया जा सकता है ।

बाबा आंबेडकर की जयंती पर मास्क वितरण किया गया

सक्ती। भाजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुरूप जिला उपाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल के

मार्गदर्शन एवं नगर मंडल अध्यक्ष भवानी तिवारी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्टेशन रोड नाका चौक स्थित भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चन कर जयंती पर्व का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए रामावतार अग्रवाल ने बताया कि बाबा साहेब सिर्फसंविधान के निर्माता ही नही अपितु गरीबए समाज मे पिछड़ेए शोषित जनों के मसीहा थेए उन्होंने देश में महिलाओं के अधिकार के प्रति भी लम्बी लड़ाई लड़ी । अध्यक्ष भवानी तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि वे वास्तव में इस भारत देश के रत्न थेए उन्होंने समाज को समता एवं समरसता का संदेश दिया। देश के सभी वर्गों मे एकता के भाव से एक महान संविधान का निर्माण किया पार्टी निर्देशानुसार पुष्पार्चन पश्चात गरीब बस्तियों में जाकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा अपने द्वारा स्वनिर्मित मास्क लोगो को वितरित किया गया ।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया आंबेडकर जयंती

सक्ती। भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम पटेल एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आज बाबा साहेब

भीमराव अम्बेडकर की जयंती ग्राम पंचायत नवापारा में प्रेम पटेल के निवास पर मनाई गई । ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने कहा कि बाबा अम्बेडकर के बतायें हुये रस्ते पर चलना है । उक्त कार्यक्रम में ब्यास पटेल, तेजराम पटेल, धनीराम पटेल, धरमलाल पटेल के अलावा ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

परधान आदिवासी समाज जिला बीजापुर ने दिया मुख्यमंत्री सहायता कोष में 87701 रु का दान

बीजापुर। आज पूरा विश्व नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) की महामारी से झूझ रहा है जिससे हमारा देश और प्रदेश भी अछूता नहीं है। इस वैश्विक महामारी के संक्रमण से अब तक लाखों लोगों की जान चली गई है और कोई भी दवाई का निर्माण नही होने के कारण एक मात्र रास्ता बचाव ही उपाय है। छग मे भी विगत 14 दिनों से लाकडाऊन है और शासन प्रशासन लगातार संक्रमण से बचाने के लिए प्रयासरत है। इस वैश्विक महामारी ने अर्थव्यवस्था की भी कमर तोड़ कर दी है जिसको देखते हुए परधान आदिवासी समाज जिला बीजापुर ने मदद का हाथ बढाया है। जिले में अपनी आदिवासी सभ्यता और संस्कृति को जीवंत रखने वाले परधान आदिवासी समाज के 86 माटी पुत्र-पुत्रियों ने अपने मेहनत की कमाई से कुछ हिस्सा निकालकर कुल 87201 रू /-(सत्यासी हजार सात सौ एक) रुपये का आर्थिक सहयोग मुख्यमंत्री सहयता कोष में जमा कर किया है। परधान आदिवासी समाज के इस पहल से अन्य समाजिक संघटनों को प्रेरणा मिलेगी।

जररूतमंदों को भोजन व राहत सामग्री की व्यवस्था कर रहा प्रयास स्माल स्टेप फाउडेशन

मुंगेली। कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए देशभर में लॉकडाउन है. छत्तीसगढ़ के मुंगेली में 21 दिनों के इस लाकडाउन में प्रयास अस्माल स्टेप फाउंडेशन संस्था भूखे और जरूरतमंद लोगों के लिए रोज भोजन की व्यवस्था कर रही है. मुंगेली की ये समाजिक संस्था जरूरतमंद लोगों को पका हुआ भोजन, गर्म दूध बच्चों के लिये बिस्कुट और राशन सामाग्री उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है. प्रयास द्वारा रोजाना दिन और रात मिलाकर लगभग 800 लोगों को भोजन कराया जा रहा है. लाकडाउन के नियमों का पालन करते हुये प्रयास संस्था के सदस्य गरीब बस्तियों विक्षिप्तों और ऐसे जरूरतमंद लोग

जिनके घरों में खाना नही है, वहां रोजाना घर पहुंचाकर खाना देते हैं.

मुंगेली जिले में कहीं से भी भोजन के लिये जानकारी लगते ही ये संस्था वहां खाना पहुंचाने का प्रयास करती है. प्रयास संस्था के प्रमुख राम परिहार ने बताया कि ये संस्था केवल भोजन ही नहीं बल्कि सेनेटाइजर और मास्क का वितरण भी कर रही है. वहीं अचानकमार टाईगर रिजर्व के जंगलो में बैगा आदिवासियों को भी राशन और फल वितरण किया जा रहा है, जिससे इस विकट स्थिति में कोई भूखा न रहे. प्रयास को इस कार्य में लोगो का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है और इस संस्था को मदद कर रहे हैं. संस्था की लोगो से अपील है कि आप अपने घरों में रहिए संस्था आपके लिए सड़कों पर है

लॉकडाउन तक जारी रहेगा प्रयास

राम परिहार ने बताया कि जब तक लॉकडाउन रहेगा प्रयास का यह कार्य जारी रहेगा. प्रशासन भी इस संस्था के जरिये लोगों तक राशन पहुंचाने में सहयोग ले रही है. जिले के कलेक्टर डा.सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने समाजसेवी संस्था की तारीफकी और कहा कि ऐसी स्थिति में समाजसेवी संस्थाओं का विशेष महत्व रहता है और सबको मिलकर प्रयास करना होगा. मुंगेली जिले के लोग भी सामाजिक संस्था के इस प्रयास की प्रशंसा की जा रही है। संस्था ने लोगो से अपील है कि जब तक लाकडाउन जारी है मुंगेली जिले व लोरमी तहसील के लोग अपने घरों मे रहिये संस्था आपके लिए सड़क पर है जो आपको समय-समय पर आपको राहत सामग्री पहुचाते रहेगी।

मुंगेली में जन सहयोग- से 32 लीटर सैनिटाइजर, 5600 मास्क, 1410 लीटर दूध दोपहर एवं रात्रिकालीन मिलाकर लगभग 9003पैकेट पका भोजन वितरित किया जा चुका है साथ ही नगर के सभी 22 वार्डों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से छोटे बच्चों के लिए 284 किट जिसमें साबुन मैगी बिस्किट एवं दूध एवं सूखे राशन के रुप में लगभग 5 क्विंटल चावल 2 क्विंटल आटा 225 किलो दाल लगभग 5 क्विंटल हरी सब्जी का भी वितरण किया गया है।

लोरमी में- प्रयास अस्मॉल स्टेपफाउंडेशन लोरमी टीम के द्वारा लोरमी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 700 मास्क एवं 6लीटर सेनीटाइजर एवं 210 राशन किट जिसमें एक किट में 5 किलो चावल, 1 किलो आटा, 500 ग्राम दाल, एक पैकेटबडी, 1 साबुन, मिर्च मसाला का पैकेट रहता है, ये किट लोरमी क्षेत्र के 22 ग्रामों के अति जरुरतमंद व्यक्तियों के बीच वितरण किया गया हैं।

सोशल डिस्टेन्स की याद दिलाने पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

मुंगेली। कोरोना संक्रमण से रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक करने एवं लॉकडाउन को प्रभावी बनाने हेतु जिला पुलिस द्वारा मुंगेली, सरगांव व लोरमी में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगो को जहां जागरूक किया जा रहा है। वहीं पुलिस बल व वालेटियर्स को सतर्कता से डयूटी करने का निर्देश दिये गए है। सोशियल डिस्टेनसिंग का पालन कराने के लिए हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिये गए। जिले के विभिन्न स्थानों में फ्लैग मार्च अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश्वर चंदेल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सी. डी. तिर्की के नेतृत्व में निकाला गया। जिसमें हम सबने ठाना है, कोरोना को हराना है हम सबने ठाना है, देश को बचाना है के नारे लगाए गए।

सर्वप्रथम मुंगेली में फ्लैग मार्च निकाला गया तत्तपश्चात पथरिया अनुविभाग में लगे सभी 07 पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा पथरिया, सरगांव, साकेत, क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। जिसमें जिले के बॉर्डर क्षेत्रों के विभिन्न

नाकाबंदी पॉइंट्स में जाकर वहां लगे पुलिस बलों एवं पुलिस वोलेंटियर्स को सतर्कता से ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही उनका हौसला अफ्जाई भी किया गया। इस अवसर पर कोरोना संक्रमण से पुलिस के कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने वाले ÷महिला कमांडो ÷से फ्लैग मार्च की मुलाकात थाना सरगांव क्षेत्र के मदकूद्वीप में हुई और महिला कमांड़ों द्वारा कोरोना संक्रमण से लड़ने हेतु अपने द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी, जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश्वर चंदेल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कोरोना संक्रमण से लड़ने में पुलिस प्रशासन की सहयोग करने की अपील की। इसके साथ ही उन्होनें लोगो से सोशल डिस्टेन्स मेनटेन करने की अपील की। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश्वर चंदेल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सी. डी. तिर्की, उप पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, उप पुलिस अधीक्षक मोनिका सिंह परिहार, उप पुलिस अधीक्षक साधना सिंह सहित पुलिस बल शामिल थे।

लोरमी में फ्लैग मार्च लोरमी अनुविभाग में लगे सभी 8 पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा थाना लालपुर, लोरमी, चिल्फी, खुड़िया के बाद अंत में बरेला में किया गया। फ्लैग मार्च के द्वारा शहर एवं गांव के गली दू मोहल्लों तक शारीरिक दूरी 6पब्लिक डिस्टेंस8 को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी पेट्रोलिंग किया गया। फ्लैग मार्च में मध्यप्रदेश से लगे ए.टी.आर. क्षेत्र एवं जिले के बॉर्डर क्षेत्रों के विभिन्न नाकेबंदी पॉइंट्स में जाकर वहां लगे पुलिस बलों एवं पुलिस वोलेंटियर्स को सतर्कता से ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही उनका उत्साह वर्धन भी किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीडी तिर्की द्वारा कोरोना संक्रमण से लड़ने में पुलिस प्रशासन की सहयोग करने की अपील की और ÷हम सबने ठाना है, कोरोना को हराना है÷ ÷हम सबने ठाना है, देश

बेवजह घूमने वाले व मास्क नहीं लगाने वाले कुल 65 लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया अपराध मचा हड़कंप

कोरबा। कोरोना वायरस को लेकर देशभर में 21 दिन का लॉक डाउन किया गया था उसे अब बढ़ा कर 4 मई तक कर दिया गया है। लॉक डाउन के दरमियान लोगों को प्रशासन पुलिस द्वारा घर में ही रहने की हिदायत दी जा रही है लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और बेवजह सड़कों पर घूम रहे हैं या तो प्रशासन के नियमों को पालन नहीं कर रहे हैं तो कुछ लोग बिना मास्क के ही शहर में घूम रहे हैं ऐसे लोगों के खिलाफपुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह मीणा के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान छेड़ दिया गया है 1 दिन के भीतर ही जिला पुलिस ने कुल 65 लोगों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है जिसमें कोतवाली पुलिस ने सबसे अधिक 22 मामले दर्ज किए हैं जिला पुलिस द्वारा जिस तरह से ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है और अपराध दर्ज किए जा रहे हैं इससे बेवजह घूमने वालों में हड़कंप मचा हुआ है पुलिस ने साफकर दिया है कि यह कारवाही और तेज होगी यदि कोई भी सड़क पर घूमते पाया गया और घर पर नहीं रहा तो उसके खिलाफपुलिस द्वारा सीधे एफ आई आर की कार्यवाही की जाएगी आज पहले दिन ही जिला पुलिस ने कुल 65 मामले पंजीबद्ध किए हैं आने वाले दिनों में यह ग्राफऔर भी बढ़ेगा इसलिए पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो और असुविधा से बचने के लिए लोग अपने घरों में ही रहे और घर से बाहर ना निकले

श्री रामचरित मानस सम्मेलन समिति मुंगेली ने दिया जिला सहायता कोष के लिए 51 हजार रूपये की राशि का चेक

मुंगेली। नोवेल कोराना (कोविड-19) के वैश्विक संक्रमण को देखते हुए जिले के कई सामाजिक संगठनों और समाज सेविओं द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष एवं जिला सहायता कोष के लिए मुक्त हस्त से सहायता दी जा रही है । इसी कड़ी मे जिला मुख्यालय मुंगेली के

श्री रामचरित मानस सम्मेलन समिति के अध्यक्ष तरूण किशोर सिंह, डॉ. सजय गोस्वामी, इन्दराज सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष बेदराम साहू और सचिव किरण शर्मा ने जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी को जिला सहायता कोष के लिए 51 हजार रूपये की राशि का चेक भेट किया । जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी ने जिला सहायता कोष के लिए 51 हजार रूपये की राशि का चेक प्रदान करने पर उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया ।

कोरोना : प्रत्येक व्यक्ति को मास्क अथवा फेस कवर पहनना अनिवार्य

मुंगेली। नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से रोकथाम एवं बचाव हेतु प्रत्येक व्यक्ति को घर से बाहर सार्वजनिक स्थलों में निकलते समय मास्क अथवा फेस कवर पहनना अनिवार्य है। इस संबंध मे कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये है । जारी दिशा निर्देश के अनुसार बाहर सार्वजनिक स्थलों में निकलते समय बाजार में मिलने वाले ट्रिपर लेयर मास्क का प्रयोग किया जा सकता है। अथवा होम-मेड (घर से निर्मित) तीन परतों वाला फेस कवर का उपयोग किया जा सकता है। इसी तरह जारी निर्देश मे कहा गया है कि होम-मेड मास्क अथवा फेस कवर को साबुन से धोकर पुनः प्रयोग मे लाया जा सकता है। मास्क अथवा फेस कवर उपलब्ध न होने की स्थिति मे गमछा, रूमाल, दूपट्टा इत्यादि का भी फेस कवर के रूप मे प्रयोग किया जा सकता है।

गर्भवती महिलाओं को दिया जा रहा स्वास्थ्यप्रद रेडी-टू-ईट फूड एनेमिक

मुंगेली। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के दिशानिर्देश पर नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव हेतु जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 84 हजार 31 हितग्राहियों के घर घर जाकर रेडी-टू-ईट पोषण आहार का वितरण किया जा रहा हैं। इसी तरह लॉकडाउन के नियमों का पालन करते हुए सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा 2 हजार 18 एनीमिया पीड़ित महिलाओं को उनके घर जाकर सूखा राशन का भी वितरण किया जा रहा है। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा

हितग्राहियों के परिवार के सभी सदस्यों को अपने घरों में रहने, कोरोना वायरस से बचने, सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करने, एवं हाथों को साबुन से बार बार धोने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेन्द्र कश्यप ने बताया कि वर्तमान परिस्थिति में पूरा देश नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण से लड़ रहा है। इस परिस्थिति में मुंगेली जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और महिला स्वसहायता समूहों द्वारा 84 हजार 31 बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को उनके घर जाकर स्वास्थ्यप्रद रेडी-टू-ईट फूड का वितरण किया जा रहा है।

बाबा साहेब की 129 वीं जयंती,समाज ने घरों में दिया जलाकर मनाने की अपील

बचेली। बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की 129 जयंती पर लाकडाउन का पालन करते हुए एवं धारा 144 को ध्यान में रखकर समाज के लोगो ने नगर के अम्बेडकर भवन में स्थित पंच धातु से निर्मित बाबा साहेब की प्रतिमा पर एवं अम्बेडकर पार्क स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर,पुष्प अर्पित किए एवं दीप प्रज्वलित कर बुद्ध वंदना की,इस दौरान उपस्थित लोगों ने नियम का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंस का पालन किया साथ ही सभी ने मास्क भी पहले हुए थे। इस दौरान जागेश्वर प्रसाद ,अशोक नाग,नकुल राम उइके,लक्ष्मण कुंजाम उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों ने शोशल मीडिया के माध्यम से समाज के लोगो को आज शाम अपने अपने घरों में रहकर दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब की जयंती मनाने एवं बाबा साहेब के द्वारा बनाये गए संविधान के तहत कानून का पूरी तरह से पालन करने हेतु अपील भी की।

स्व-सहायता समूह की दीदियों का किया गया सम्मान

मुंगेली। एक तरफ जहां विश्व वैश्विक महामारी कोरोना वायरस की चपेट मे है। वही इस समाज मे कुछ ऐसे भी लोग है, जो स्वयं सुरक्षित रह कर समाज की सुरक्षा के लिए समर्पण की भावना से कार्य कर रही है। ऐसे है जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत स्वसहायता समूह की तीन हजार एक सौ दीदियां। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अन्तरगत स्वसहायता समूह की इन दीदियां द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत सालिड़ बेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत गांव को स्वच्छ रखने और कचरा प्रबंधन से

आजीविका मे वृद्धि के साथ-साथ लॉकडाउन को सफल बनाने मे सहयोग भी प्रदान कर रही है। जिसके तहत इन दीदियों द्वारा मास्क निर्माण कर मात्र दस रूपये प्रति मास्क की दर से सामाजिक दूरियों (सोशल डिस्टेसिंग) को ध्यान मे रखकर लोगों को उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा इन दीदियों द्वारा कोविड-19 वैश्विक महामारी के तहत भारत सरकार, राज्यशासन और जिला प्रशासन द्वारा जारी गाईड लाईन और एडवाजरी के तहत कार्य की जा रही है। जिसकी मुक्त कंठ से सराहना की जा रही है। इसी तारतम्य में विगत दिनों विकास खण्ड लोरमी के स्वसहायता समूह की दीदियों का आरती और माला फूल माला पहेनाकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि मुंगेली जिले के विकास खण्ड लोरमी में 2 हजार 223 विकास खण्ड मुंगेली मे 536 और विकास खण्ड पथरिया में 514 स्वसहायता समूह की दीदियां कार्यरत् है।

नगर के साहित्यकारों ने 22,101 रू एवं 70 लीटर दूध दान किए

मुंगेली। नगर के अलग-अलग साहित्यिक संस्था ने संयुक्त रूप से अपना सहयोग नगर के उन लोगों के लिए किया, जिन्हें कोरोना वायरस संकट के कारण लाकडाउन से दैनिक जीवन में समस्या आ रही है। नगर में इन दिनों प्रयास अ स्माल स्टेप नामक संस्था दैनिक रूप से जरूरतमंद गरीब लोगों को सुबह-शाम भोजन की व्यवस्था करती है। नगर के वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण कुमार भट्ट, डॉ प्रेम कुमार वर्मा, डॉ अजीज रफीक, डॉ चंद्रशेखर सिंह, मनोज अग्रवाल ने चिंतन करने के

पश्चात यह निर्णय लिया की सभी सहयोग करें और उस संस्था को राशि समर्पित कर दें जो सुबह सायं गरीब लोगों को भोजन की व्यवस्था करती है। इस तरह मुंगेली नगर के साहित्यकारों ने कोरोना वायरस के कारण लाकडाऊन की परिस्थिति में अपनी सकारात्मक सहयोग की भावना का परिचय देते हुए 22,101.00 रूपये (बाईस हजार, एक सौ एक रूपये) एवं 70 लीटर दूध जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रयास अ स्माल स्टेप संस्था को समर्पित किया। साहित्यकार जब अपनी बात कलम से कहता है तो समाज को अपनी ओर कविता, व्यंग्य, कहानी से अपनी ओर आकृष्ट कर लेता है। अपनी कविता से जनमानस के मन के भाव को समझ स्वयं को उनके हृदय में अंकित कर देने में सफल हो जाता है। लेकिन देश में इस समय संकट की परिस्थिति में मुंगेली के उन्हीं साहित्यकारों ने सहायता के लिए हाथ बढाया ।इस बार कलम से नहीं अपनी संवेदनशीलता, अपनी उदारता और सहयोग से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। इस अवसर पर कवि देवेन्द्र परिहार ने कहा कि समाज हमेशा कवियों की कविता ही नहीं अपितु उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों का भी सूक्ष्म अवलोकन करते रहता है। नगर के सभी वरिष्ठ व नवोदित साहित्यकार सहयोग की भावना ले प्रेरित रहे। उन सबके सहयोग से हम यह छोटा सहयोग कर सके।

■ न्यूज गैलरी

सब्जी बेचने वाले की हुई जमकर पिटाई,मामला दर्ज

रायपुर। लाकडाउन के दौरान अत्यावश्यक सुविधाओं के तहत आवाज देकर सब्जी बेचना भी अब फुटकर व्यापारियों के लिए गुनाह बना दिया गया है। राजेंद्र नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार संदीप नाग पिता राजू नाग द्वारा बीएसयूपी कालोनी अमलीडीह में आवाज देकर लोगों को सब्जी खरीदने के लिए आवाज दी जा रही थी जिसपर आरोपी बलभद्र दीप पिता स्व. बेनूधर दीप भरत छुरा ईरा कृष्णा, राहित सहित करीब 30-40 लोगों ने प्रार्थी को आवाज लगाकर सब्जी बेचने पर मना किया। जिस पर प्रार्थी संदीप ने लोगों की सुविधा के लिए सब्जी आवाज देकर बेचना जारी रखा। जिस पर कोधित होकर उक्त आरोपियों ने सब्जी विक्रेता पर लाठी डंडा, राड चाकू आदि लेकर जमकर मारपीट की। साथ ही गाली गलौज करते हुए सब्जी विक्रेता के सहयोगी मुतजरर अमीरों नुवा जोनो एवं हेमलता से भी मारपीट की।

शराब के लिए पैसा नहीं देने पर पिटा

रायपुर। लाकडाउन के दौरान भी नशेड़ियों द्वारा खुलेआम नशा करने के लिए शांतिप्रिय लोगों को सताने का क्रम जारी है। इसी क्रम में टिकरापारा थाने से मिली जानकारी के अनुसार ऋषभ बघेल आयु 17 वर्ष पिता विजय बघेल निवासी दुर्गापारा टिकरापारा से आरोपी राहुल नागरची देवमणी टाटी एवं उसके साथियों द्वारा दारू पीने के लिए फोकट में पैसा मांगा गया। पैसा नहीं देने पर आरोपियों ने ऋषभ की जमकर पिटाई की। गाली गलौज करते हुए उसके शरीर के नाजुक अंगों को चोट पहुंचाई।

घरेलू विवाद पर जान से मारने की धमकी मिली

रायपुर। पारिवारिक मामलों को लेकर अक्सर घरों में वाद विवाद एवं लड़ाई की स्थिति निर्मित होती रहती है। कबीर नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती कुसुम सूर्या आयु 21 वर्ष पति सूरज सूर्या निवासी बाल्मिकी नगर कबीर नगर को आरोपी मुस्कान रात्रे कुमारी कोमल एवं अंकुश रात्रे ने घरेलू बात पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर मारपीट की। वहीं आरोपी पक्ष द्वारा कुसुम सूर्या पति सूरज सूर्या के खिलाफ मुस्कान रात्रे एवं कुमारी कोमल ने उनके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने की काउंटर रिपोर्ट दर्ज करायी है।

धारा 144 का उल्लंघन करने पर हुई गिरफ्तारी

रायपुर। कोरोना वायरस की त्रासदी को लेकर जिला कलेक्टर द्वारा धारा 144 संपूर्ण जिले में लगाई गई है। वहीं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लाक डाउन जारी है। बावजूद इसके कुछ लोग लापरवाहीपूर्वक सड़कों पर घूमकर न केवल लाकडाउन में 144 का उल्लंघन कर रहे हैं बल्कि लोगों के लिए भी परेशानी का सबब बन रहे हैं। राजेंद्र नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार बलभद्र दीप पिता बेनूधर दीप, कृष्णा तांडी एवं उसके अन्य साथियों द्वारा बीएसयूपी कालोनी अमलीडीह में बेवजह घूमते पाये जाने पर उसके खिलाफ थाने ने आईपीसी की धारा 188 के तहत मामला कायम कर उसे गिरफ्तार किया है।

21 हजार 290 जुआरियों से जब्त

रायपुर। पुरानी बस्ती थाने से मिली जानकारी के अनुसार तरूण मिश्रा आयु 32 वर्ष पिता शिवमोहन मिश्रा एवं अन्य दो निवासी भाठागांव सोनपारा द्वारा खुलेआम जुआ खेलते 14 हजार 990 रुपये की राशि मौकाए घटनास्थल पर बरामद करने में सफलता मिली है। वहीं नेवरा थाने से मिली जानकारी के अनुसार उपकार देवार आयु 30 वर्ष पिता नेमीचंद देवार एवं अन्य तीन निवासी दलाल तालाब के पास से छापा मारी कर 6300 रुपये की राशि जब्त करने में सफलता मिली है। दोनों ही मामलों में कुल 21 हजार 290 रुपये राशि जब्त कर पुलिस ने दोनों थाना क्षेत्रों में आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

कोरोना से बचाव के लिए वृद्धाश्रमों में विशेष देखभाल

■ बुजुर्गों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, खान-पान का ध्यान सहित

■ मास्क, सेनेटाइजेशन की पुख्ता व्यवस्था

रायपुर (नव प्रदेश)। कोरोना वायरस संक्रमण का वरिष्ठ नागरिकों पर अधिक प्रभाव के जोखिम को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा दिये गए दिशानिर्देश पर समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित वृद्धाश्रमों में विशेष प्रबंध किये गए हैं। बुजुर्गों के स्वास्थ्य परीक्षण, खान-पान पर ध्यान देने सहित सेनेटाइजेशन, साफ-सफाई और मास्क की पुख्ता व्यवस्था की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से लॉकडाउन के लागू होते ही बुजुर्गों के बाहर जाने और बाहरी व्यक्तियों के वृद्धाश्रम में आने-पाने पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। ऐसे बुजुर्ग जिन्हें किसी तरह की स्वास्थ्यगत परेशानी है, उन्हें अलग कमरे में रखने के प्रबंध किये गए हैं। इसके साथ ही कोविड-19 संक्रमण से बचाव और रोकथाम के लिए विभागीय अमले को प्रशिक्षित किया गया है। बुजुर्गों को भी समय-समय पर संक्रमण से बचाव की समझाईश दी जा रही है। व्यवस्थाओं का जायजा लेने

विभागीय अधिकारियों द्वारा संस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है। लॉकडाउन के दौरान खुद मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के लिए की गई व्यवस्था का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय और अशासकीय संस्थाओं में कई बुजुर्ग, दिव्यांग, निराश्रित, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों सहित जरूरतमंद लोगों को आश्रय दिया गया है। वर्तमान में इन वृद्धाश्रमों में 496, निःशक्त कल्याण संस्था में 252, प्रशामक गृह में 29 और घरौंदा गृह में 127 हितग्राही निवासरत हैं। विभागीय सचिव प्रसन्ना आर. ने बताया कि लॉकडाउन लागू होते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विशेष रूप से निर्देशित किया था कि बुजुर्गों को किसी तरह की परेशानी न हो और उन्हें सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने बताया कि मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा बुजुर्गों सहित सभी जरूरतमंद लोगों के स्वास्थ्य और पोषण का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

बेवजह घूमने वालों पर पुलिस सख्त

■ चौक-चौराहों पर पुलिस की जांच-पड़ताल तेज

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। देश भर में छाए कोरोना संक्रमण के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने आज लॉकडाउन को 03 मई तक बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया है। यही नहीं 30 अप्रैल तक इस लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराने का भी निर्देश जारी किया गया है। इसके बाद से ही राजधानी में पुलिस ने सड़कों पर बेवजह निकलने वालों पर फिर से सख्ती शुरू कर दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह 10 बजे देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि विश्व के अन्य देशों की तुलना में भारत देश की स्थिति बिल्कुल अलग है। देश में कोरोना संक्रमण तेजी से नहीं फैल पाया है। इसका मुख्य कारण समय रहते ही लिए गए कठोर और सख्त लॉकडाउन का निर्णय

है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन का सख्ती से पालन किए जाने के कारण ही आज भारत में कोरोना संक्रमण एक तरह से नियंत्रण में है और इसे खत्म करने के लिए आगे भी लॉकडाउन जारी रखा जाना समय की मांग है। यही वजह है कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए आगे भी लॉकडाउन जारी रखा जाए और इसका सख्ती से पालन किया जाए। श्री मोदी ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि आज 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक इस लॉकडाउन का प्रत्येक राज्य सख्ती से पालन कराए। यही वजह है कि पीएम श्री मोदी के उद्बोधन के पश्चात से ही राजधानी रायपुर में पुलिस प्रशासन ने लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराने कमर कस ली है। इसका असर भी आज देखने को मिला, राजधानी के चप्पे-चप्पे पर और प्रत्येक चौक-चौराहे पर आज पुलिस का अतिरिक्त बल देखने को मिला। पुलिस ने आज पीएम श्री मोदी के संबोधन समाप्त होते ही शहर के सभी चौक-चौराहों पर बेरिकेटिंग बढ़ाते हुए अतिरिक्त फोर्स तैनात करते हुए प्रत्येक वाहनों की चेकिंग बढ़ा दी। सड़क पर निकलने वाले सभी वाहन चालकों से उनके घर से बाहर निकलने का कारण जानकार और सही कारण होने पर ही आगे बढ़ने दिया जा रहा है। वहीं सड़कों पर बेवजह निकलने वाले लोगों की धरपकड़ तेज कर दी गई है।

सात वर्षीय मास्टर ईशान ने गुल्लक से दिया दान

रायपुर (नव प्रदेश)। समाज के हर वर्ग द्वारा अपने-अपने सामर्थ्य के अनुसार मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान देने का सिलसिला निरंतर जारी है। इसी क्रम में अंबिकापुर के मास्टर ईशान अग्रवाल जो कि मात्र सात वर्ष की उम्र के हैं। उन्होंने स्वस्फूर्त होकर अपने गुल्लक में जमा की गई सारी राशि 911 रूपए कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम व जरूरतमंदों की सहायता के लिए 'मुख्यमंत्री सहायता कोष' में दान की है। इनका यह सहयोग इस बात का हौंसला देता है कि 'देश का भविष्य' वर्तमान के संकट से लड़ने के लिए अभी से तैयार है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पौराणिक दृष्टांत का उल्लेख करते हुए कहा कि बुराई पर जीत के लिए राम सेतु निर्माण में नल और नील के विज्ञान और रेत के दानों को इकट्ठा करती गिलहरी के 'योगदान' दोनों को बराबर माना गया है। संकट की घड़ी में इस बच्चे का योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्पद है। उन्होंने मास्टर ईशान को ढेर सारा आशीर्वाद और प्यार भी दिया।

राज्य में कल बदल सकता है मौसम का मिजाज

रायपुर (नव प्रदेश)। तापमान में लगातार हो रहे वृद्धि के बीच एक बार फिर से कल राज्य में मौसम का मिजाज बदल सकता है। राज्य के कई इलाकों में कल एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा अथवा गर ज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से एक चक्रीय चक्रवाती घेरा 0.9 किमी और 1.5 किमी की ऊंचाई प र मध्य पाकिस्तान और उसके आसपास बना हुआ है। चक्रवाती घेरा के साथ ही एक द्रोणिका भी बन गई है जो कि उत्तर-पश्चिम उत्तरप्रदेश से उत्तरी तटीय ओडिशा तक 0.9 किमी पर स्थित है।

■ सभी प्रमुख शहरों के अधिकतम तापमान में हो रही निरंतर वृद्धि

एक द्रोणिका उत्तर मध्य महाराष्ट्र से दक्षिण पूर्व मध्यप्रदेश तक बनी हुई है। इस सिस्टम के असर से कल 15 अप्रैल को छत्तीसगढ़ राज्य के सभी संभागों में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गर ज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने और वज्रपात होने की भी संभावना बन गई है। इधर राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में अब तापमान में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है।

राजधानी रायपुर में आज 39.2 डिग्री अधिकतम तापमान रिकार्ड किया गया है। इसी तरह अंबिकापुर में 36.5, बिलासपुर में 40.6, पेण्ड्रार ोड में 38.0, जगदलपुर में 37.6 डिग्री अधिकतम तापमान रिकार्ड किया गया है।

वेंडरों का परिवार भूखे मरने की कगार पर : ऋषि उइके

■ सैकड़ों वेंडरों का परिवार बेहाल पर सुध लेने वाला कोई नहीं

रायपुर। देशभर में जारी लॉकडाउन से जहां रेलवे मंत्रालय को प्रतिदिन लाखों-करोड़ों के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है तो वहीं विभिन्न स्टेशनों में कार्यरत वेंडरों के सामने भी अब भूखे मरने की नौबत आ गई है। मजदूर वर्ग को तो राज्य सरकार और अन्य सामाजिक संगठनों से लगातार मदद मिल रही है, परंतु वेंडरों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। उक्त बातें ऋषि उइके अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रेलवे कमीशन वेंडर्स एसोसिएशन रायपुर ने कही।

श्री उइके ने बताया कि राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन में विगत कई वर्षों से काम करने वाले सैकड़ों वेंडर आज लाक डाउन और ठेकेदार की मनमानी एवं रेलवे प्रशासन की हठधर्मिता व गैरजिम्मेदराना रवैये के कारण से बेरोजगार हो गये हैं। वर्तमान परिस्थिति में सैकड़ों वेंडरो के परिवार के समक्ष रोजी रोटी की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। जीवन यापन करने में आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से इन वेंडरों को आज तक किसी प्रकार की कोई मदद नहीं की गई और ना ही किसी जवाबदार अधिकारियों ने इनकी सुध ली है। ऐसी स्थिति में सैकड़ों वेंडरों का परिवार सड़क पर आ गया है। केन्द्र सरकार तमाम घोषणाएं कर रही है पर जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है यह समस्या केवल रायपुर की ही नहीं है बल्कि पूरे भारतीय रेलवे के सभी रेलवे स्टेशनों की है जहां वेंडरों के समक्ष अब भूखे मरने की नौबत आ गई है। ऐसा नहीं है कि रायपुर में काम करने वाले वेंडरो ने स्थानीय अधिकारियों से समस्या से अवगत कराया परन्तु केवल कोरे आसवाशन के अलावा और कूछ नही मिला। यदि आगे भी यही स्थिति रही तो भारत के तमाम रेलवे स्टेशनों पर काम करने वाले वेंडर और उनका परिवार कोरोना से तो नहीं बेरोजगारी एवं भूख से अवश्य मर जायेगा।

खतरे में जरूरत...

भाठागांव के समीप रावणभाठा मैदान में सब्जी बाजार मे लगी भीड़। सोशल डिस्टेंसी का नहीं हो रहा पालन।

लॉकडाउन अवधि में श्रमिकों के भुगतान से उद्योगों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करने का किया अनुरोध

केन्द्रीय विकास आयुक्त ने की राज्यों के उद्योग सचिवों से चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के कारण देशव्यापी लॉकडाउन से प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को पडने वाले आर्थिक बोझ कम करने का अनुरोध प्रमुख सचिव उद्योग द्वारा किया गया है। कल हुई वीडियो कॉफ्रेसिंग में उन्होंने केन्द्रीय विकास आयुक्त राममोहन मिश्रा से औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के लिए कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का सरलीकरण करने, एनएमडीसी, एसईसीएल के माध्यम से लौह एवं कोयला आपूर्ति के लिए 50 प्रतिशत अग्रिम राशि लेने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और विभिन्न सुझाव दिए।

प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव, मनोज कुमार पिंगुआ ने वीडियों कॉफ्रेसिंग में राज्य के उद्योगों को लॉकडाउन अवधि के दौरान श्रमिकों को भुगतान किये जाने

पर उद्योगों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करने हेतु भारत सरकार से मदद करने का अनुरोध किया। उन्होंने केन्द्रीय विकास आयुक्त से अनुरोध किया कि प्रदेश के उद्योगों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों जैसे- भिलाई इस्पात संयंत्र, एनएमडीसी, एनटीपीसी, रेलवे आदि को सप्लाई किये गये ऑर्डर का लंबित भुगतान तत्काल किये जाने की व्यवस्था करने तथा भविष्य में प्रदाय किये जाने वाले वर्क आर्डर के साथ 30 प्रतिशत राशि अग्रिम भुगतान किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार प्रदेश के उद्योगों द्वारा लिये गये टर्मलोन एवं कार्यशील पूंजी ऋण पर बैंकों द्वारा लिये जा रहे ब्याज की दरों को आधा किये जाने एवं मासिक किश्तों की वसूली को कम से कम 06 माह के लिए स्थगित किये जाने का अनुरोध किया। वीडियों कॉफ्रेसिंग में पिंगुआ ने यह भी अनुरोध किया कि प्रदेश के उद्योगों को एसईसीएल, एनएमडीसी से प्राप्त होने वाले कोयला एवं लौह अयस्क हेतु पूरी राशि एडवॉस में भुगतान की वर्तमान व्यवस्था को परिवर्तित कर प्रतिमाह आवश्यक कच्चे माल की राशि का 50 प्रतिशत राशि एडवॉस भुगतान पर कच्चा माल प्रदान कर शेष राशि कच्चा माल प्रदाय के 15 दिनों बाद प्राप्त की जाये। पिंगुआ ने यह भी सुझाव दिया कि केन्द्र सरकार बुनियादी अधोसंरचना निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करे, ताकि कोर सेक्टर के उद्योगों के उत्पादों की मांग में वृद्धि हो। साथ ही केन्द्रीय सचिव से प्रदेश के उद्योगों को लॉकडाउन के कारण आवश्यक अतिरिक्त कार्यशील पूंजी को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए रिजर्व बैंक से चर्चा करने का सुझाव भी दिया। केन्द्रीय विकास आयुक्त द्वारा राज्य शासन के सुझावों पर विचारोपरांत उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

विशेष पार्सल ट्रेन दुर्ग-छपरा-दुर्ग की समय सारणी में परिवर्तन

रायपुर। देशभर में जारी लॉकडाउन के बीच आवश्यक वस्तुओं जैसे खाद्य सामग्री, दवाएं, चिकित्सा आपूर्ति, चिकित्सा उपकरण, खाद्य तेल, आदि आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करने हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा चलाई जा रही पार्सल स्पेशल को सम्बन्धितों की सुविधा व मांग को ध्यान में रखते हुए समय सारणी में परिवर्तन कर परिचालन अवधि में विस्तार किया गया हैं। गाड़ी संख्या 00875 दुर्ग -छपरा पार्सल स्पेशल 15,18,20, 24 अप्रैल को दुर्ग से 21:00 बजे रवाना होकर रायपुर 21:45 बजे उसलापुर 23:45 होते हुए छपरा अगले दिन 17:00 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 00876 छपरा दुर्ग पार्सल स्पेशल दिनांक 17 ,20, 22, 26 अप्रैल को छपरा से 8:00 बजे रवाना होकर अगले दिन उसलापुर 1:20 बजे रायपुर 3:05 बजे दुर्ग 4:00 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 00875/00876 दुर्ग -छपरा - दुर्ग गाड़ी का ठहराव दोनों दिशाओं में रायपुर, उसलापुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी स्टेशनों में दिया गया है। पार्सल ट्रेन के माध्यम से वस्तुओं के परिवहन हेतु इच्छुक पार्टियां इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। आवश्यक सामग्री की अग्रिम बुकिंग हेतु मुख्य वाणिज्य निरीक्षक पार्सल रायपुर रेल मंडल से फोन पर विस्तृत जानकारी ले सकते हैं। उनका फोन नंबर 9752 877995 इसके अतिरिक्त मुख्य पार्सल सुपरवाइजर रायपुर 9752877967 एवं मुख्य पार्सल सुपरवाइजर दुर्ग से 9109112682 पर बात कर सामग्री बुकिंग करा सकते हैं।

पोरबंदर-शालीमार-पोरबंदर के मध्य कोविड-19 पार्सल स्पेशल ट्रेन 18 से

रायपुर। आवश्यक वस्तुओं जैसे खाद्य सामग्री, दवाएं, चिकित्सा आपूर्ति, चिकित्सा उपकरण, खाद्य तेल, आदि आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करने हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा पार्सल गाड़ियां चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पोरबंदर-शालीमार-पोरबंदर के मध्य कोविड-19 पार्सल स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह गाड़ी संख्या 00913 पोरबंदर से 18, 20, 22, 24 अप्रैल 2020 को चलाई जाएगी। स्पशेल गाड़ी पोरबंदर से 18:00 बजे चलकर दुर्ग 13:40 बजे, रायपुर 14:20 बजे, बिलासपुर 16:10 बजे होते हुए अगले दिन शालीमार 3:30 पर पहुंचेगी। इसी प्रकार से गाड़ी संख्या 00914 शालीमार से 20, 22, 24, 26 अप्रैल को चलाई जाएगी यह गाड़ी शालीमार से 22:50 बजे छूटकर बिलासपुर 9:20 बजे, रायपुर 11:00 बजे, दुर्ग 12:00 बजे होते हुए पोरबंदर 18:25 बजे पहुंचेगी ।

संपादकीय

लॉकडाउन बढ़ना उचित निर्णय

कोरोना वायरस के खतरे से देश को बचाने के लिए भारत में लॉकडाउन लागू किया गया था। जिसकी अवधी 14 अप्रैल को खत्म हो गई। इसके बाद लॉकडाउन को तीन मई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। निश्चित रूप से सरकार का यह निर्णय उचित है। स्वागत योग्य भी। महाराष्ट्र, पंजाब और राजस्तान जैसे राज्यों ने तो अपने ही लॉकडाउन को दो सप्ताह के लिए बड़ा दिया था। अनेक राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी से मांग की थी कि पूरे देश में लॉकडाउन को और आगे बढ़ाया जाए। विशेषज्ञों ने भी लॉकडाउन की अवधि बढ़ाए जाने के पक्ष में अपनी राय दी थी। इस पर गौर करने के बाद केन्द्र सरकार ने लॉकडाउन को बढ़ाने का फैसला किया है। गौरतलब है कि जब पहली बार लॉकडाउन किया गया था। तब देश में सिर्फ 550 कोरोना वायरस से संक्रमित लोग थे और सिर्फ तीन लोगों की मौत हुई थी। लेकिन आज कोरोना वायरस से ग्रसित लोगों की संख्या 10 हजार से भी ज्यादा हो चूकि है। जबकि 300 से ज्यादा लोग काल के ग्रास बन चुके है। इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि देश में कोरोना वायरस का संक्रमण इतनी तेजी से फैल रहा है। ऐसी स्थिति में लॉकडाउन को बढ़ाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं रह गया था। अन्यथा भारत में कोरोना थर्ड स्टेज में पहुंच सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए देशवासियों से सात बातों पर साथ मांगा है। उकना कहना है कि बुजुर्गों और बिमारों का ध्यान रखें। लॉकडाउन और सामाजिक दुरी का पालन करें। आरोग्य सेतु एप डॉउनलोड करें। गरीब परिवारों की मदद करें और उद्योगों में काम करने वालों नौकरी से न निकाले तथा कोरोना योद्धाओं का सम्मान करें। यदि देशवासी इन सात बातों में सरकार का साथ देते तो निश्चित रूप से हम कोरोना को हराने में सफल होगे। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि लॉकडाउन का सख्ती पूवर्क पालन किया जाए। दरअसल पहली बार जब लॉकडाउन किया गया तो लोगों ने उसका ईमानदारी से पालन नहीं किया यही वजह है कि कुछ जाहिलों की जहालत के कारण देश में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल गया। इससे सबक लेकर इस बार सरकार को चाहिए कि वह सभी राज्य राज्य सरकारों को लॉकडाउन का सख्ती पूर्वक करने के लिए कड़े निर्देश दे। सभी राज्यों की पुलिस को सख्ती बरतने के आदेश दिए जाए। ताकि वे सरकार की मंशा के अनुरूप लॉकडाउन को सफल बनाने में अपना योगदान दे सके। यदि लॉकडाउन को कढ़ाई पूर्वक लागू नहीं किया गया तो लॉकडाउन अर्थहीन हो जाएगा और तीन मई के बाद फिर से लॉकडाउन बढ़ाने की नौबत आ जाएगी।

विचार

कोरोना को भारत मात देकर रहेगा

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

आज केंद्र सरकार के दफ्तरों में मंत्री लोग और बड़े अफ्सर दिखाई पड़े हैं, उससे आप पक्का अंदाज लगा सकते हैं कि अब यही साहस राज्यों की सरकारें भी दिखाना शुरु कर देंगी। धीरे-धीरे छोटे कर्मचारी भी दफ्तरों में आने लगेंगे। इस संबंध में मेरा पहला सुझाव तो यही है कि मध्यप्रदेश में उसके मुख्यमंत्री शिवराज चौहान अपने मंत्रिमंडल का गठन तुरंत कर लें तो इसमें कोई बुराई नहीं हैं। बिना भीड़-भड़क्का और धूम-धड़क्का किए हुए उनका मंत्रिमंडल भोपाल में शपथ ले सकता है। पिछले तीन-चार हफ्तों से वे ही सरकार चलाने का बोझ अकेले उठा रहे हैं। यदि देश के सभी प्रदेशों में वहां की सरकारें सक्रिय हो जाएं तो जनता को जबर्दस्त राहत मिलेगी। जनता को यह भी अच्छा लगेगा कि वह तीन-चार हफ्ते बाद अपने डरपोक और घर-घुस्सू नेताओं के दर्शन कर सकेगी। यदि मंत्री बाहर निकलेंगे तो हजारों कार्यकर्ता भी मैदान में कूद पड़ेंगे। यह पहल कोरोना-युद्ध में भारत को विजयी बना देगी। इस समय देश के डॉक्टर, नर्स, पुलिसकर्मी, बैंक कर्मचारी और पत्रकार अपनी जान हथेली पर रखकर लोगों की सेवा में लगे हुए हैं। यदि करोड़ों राजनीतिक कार्यकर्ता भी मैदान में आ गए तो देश की अर्थ-व्यवस्था डांवाडोल होने से बच जाएगी। सरकार ने घोषणा की है कि आवश्यक माल ढोनेवाले ट्रकों पर कोई पाबंदी नहीं होगी। उनके ड्राइवरों को तंग नहीं किया जाएगा। मालगाड़ियां चल ही रही हैं। राज्य सरकारें अपने-अपने किसानों को फसल काटने और बेचने की सुविधा देने पर विचार कर रही हैं। यदि शहरों के कारखाने भी कुछ हद तक चालू कर दिए जाएं तो प्रवासी मजदूरों की समस्या भी सुलझेगी। जो अपने गांवों में लौटना चाहते हैं, उनका इंतजाम भी किया जाए। करोड़ों गरीबी रेखावाले लोगों को राशन और नकद रुपए सरकार ने पहुंचा दिए हैं। समाजसेवी संस्थाओं ने भी अपने खजाने खोल दिए हैं। दो लाख से ज्यादा लोगों की जांच हो चुकी है। सैकड़ों कोरोना मरीज स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। करोड़ों मुखौटे बंट रहे हैं। लोग शारीरिक दूरी बनाकर रखने में पूरी सावधानी बरत रहे हैं। कुछ प्रतिबंधों के साथ रेलें और जहाज भी चलाए जा सकते हैं। अगले दो हफ्तों में भारत कोरोना को मात देकर ही रहेगा।

खास होगा लॉक डाउन का दूसरा चरण

राजेश माहेश्वरी

बेहतर होगा हम केवल अपेक्षा करने की बजाय व्यवस्था में सहयोग करे क्योंकि वह हमारी सुरक्षा और सुविधा के लिए ही तो बनाई गई है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि कोरोना को हराने के लिए पहले का 21 दिन का लॉकडाउन का उतनी गंभीरता से नहीं लिया गया जिसकी जरूरत थी। अब सरकार और प्रशासन लॉकडाउन-2 में कुछ ढील भी देते हैं, तो उनका किसी को नाजायज फायदा उठाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, क्योंकि किसी की भी लापरवाही और गलती कोरोना को बढ़ा सकती है। पिछले दिनों ही पीएम ने 'जान भी जहान भी' का मंत्र घोषित कर यह संकेत दे दिया था कि लॉकडाउन पार्ट-2 पहले से अलग होगा। यदि 130 करोड़ भारतीय एकजुटता दिखाये और सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मुहैया करवाने के साथ-साथ अधिक से अधिक आबादी को जांच के दायरे में लाये तो इससे कोरोना वायरस के प्रभाव पर अंकुश लगाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए लॉक डाउन की अवधि को 3 मई तक के लिए बढ़ा दिया है। 21 दिन का लॉक डाउन का पहला चरण पूरा होते-होते देश में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 10 हजार को पार कर गया है। असल में लॉक डाउन के बाद देश भर में जांच कार्य में तेजी आई है इस कारण भी आंकड़ा निरंतर ऊपर जा रहा है। 21 दिन में कोरोना को पूर्णतः नियंत्रित करने में काफी हद तक सफलता मिली है। किन्तु तबलीगी जमात की वजह से ऐसे हालात बने जिनसे इस महामारी को बढने से नहीं रोका जा सका। और तो और उसका फैलाव भी देशभर में हो गया । इस कारण अनेक शहरों में हॉट स्पॉट बन गये, जिसमें देश की राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई भी शामिल है। अब चूंकि लॉकडाउन की अवधि को बढ़ा दिया गया है, ऐसे में आशा जगती है कि आने वाले दिन देश के खास होंगे। लॉकडाउन-2 में पूरी तरह पता चल जाएगा कि हम कोरोना संक्रमण को रोकने में कहां तक सफल रहे हैं।

देशभर में कोरोना की जांच में तेजी आई है। जिसके चलते प्रदेश के कई राज्यों से लगातार संक्रमितों की खबरें आ रही हैं। विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले 7 से 10 दिनों के भीतर संख्या में और वृद्धि की पूरी सम्भावना है। इस वजह से ये आशंका भी उत्पन्न हुई है कि कोरोना भारत में सामुदायिक संक्रमण की स्थिति में पहुंच गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने तो इस आशय की घोषणा भी कर दी लेकिन केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने इसका खंडन किया है। इस सबके बीच अच्छी खबर ये है कि भारत में कोरोना ग्रसित लोगों के ठीक होने का आंकड़ा 10 फीसदी जा पहुंचा है। अस्पताल से ठीक होकर लौटे ये लोग कोरोना को लेकर व्याप्त भय और गलतफहमियों को दूर करने में सहायक बन रहे हैं। लोगों को ये लगने लगा है कि कोरोना का इलाज संभव है। हर ठीक होते रोगी से देश का आत्मबल बढ़ता जा रहा है।

सरकार, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन की चुस्ती के बावजूद देश में अभी भी एक वर्ग ऐसा है जो जांच से भाग रहा है। विशेष रूप से तबलीगी जमात के दिल्ली स्थित मुख्यालय मरकज से निकलकर देश भर में फैले जमाती कोरोना के विरुद्ध चल रही जंग को पलीता लगाने का काम कर रहे

हैं। सामुदायिक संक्रमण सम्बन्धी आशंका के पीछे भी ये जमाती ही हैं जिन्होंने मस्जिदों के अलावा मुस्लिम बस्तियों में छिपकर अपनी बिरादरी के बाकी लोगों को भी कोरोना का संक्रमण बांटा। भले ही ये कहना कुछ लोगों को बुरा लगे लेकिन जमातियों ने इस लड़ाई को लंबा और कठिन बना दिया। वरना 21 दिन के लॉक डाउन के बाद अभी तक भारत कोरोना को हराने के मामले में काफी हद तक सफल हो चुका होता। ईश्वर की अपार कृपा है कि बावजूद इसके हालात नियन्त्रण में बने हुए हैं। प्रधानमंत्री ने अपने ताजा सम्बोधन में लॉक डाउन को आगे बढ़ाने के साथ-साथ आने वाले दिनों में कुछ रियायतें और ढील देने की बात भी कही है। सरकार जल्द ही लॉकडाउन-2 को लेकर गाइड लाइन जारी करने वाली है। विशेषज्ञों के अनुसार लॉक डाउन के दूसरे चरण में सबसे बड़ी समस्या साधनहीन तबके की जरूरतों को पूरा करने की है। बीते दो हफ्ते में समाज की सामूहिक संवेदनशीलता का श्रेष्ठतम स्वरूप देखने मिला। शासन ने भी इस तबके की भरसक मदद की और प्रशासन का सेवा भाव भी काबिले तारीफ रहा है। चूंकि अब लॉकडाउन को 19 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। ऐसे में इस बात की सम्भावना है कि सरकार दिहाड़ीदार श्रमिक वर्ग को कुछ छूट और रियायतें जरूर देगी, ताकि वो अपना भरण पोषण कर सकें।

इन सबके बीच सवाल यह भी है कि क्या आने वाले दिनों में जरुरी सामान की आपूर्ति क्या पहले जैसी ही कायम रह पायेगी? प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि देश में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध है इस आपदा से लड़ने के लिए। जानकारों के मुताबिक सरकार द्वारा लॉक डाउन के अगले चरण में इनका उत्पादन करने वाली इकाइयों को दोबारा शुरू करने की अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी जायेगी। तमाम समस्याओं और परेशानियों के बीच एक समस्या उन राज्यों में हो रही है जहां अन्य राज्यों के मजदूरों को बिना काम के रोक लिया गया है। बीते दिनों गुजरात के एक शहर में किसी निर्माणाधीन भवन के काम में लगे उड़ीसा के मजदूरों ने उन्हें घर वापिस भेजने की मांग करते हुए उपद्रव कर दिया। कुछ और जगहों से भी ऐसी खबरें मिली हैं। भले ही ये खबरें इक्का-दुक्का हो लेकिन इन पर ध्यान देने की जरूरत है। सबसे बड़ी परेशानी आ रही है राशन की दुकानों तथा उन बैंकों में जहां अनाज और खाते में जमा सहायता राशि प्राप्त करने के लिए भीड़ उमड़कर अव्यवस्था फैला रही है। इसके चलते प्रशासन के काम में समस्याएं आ रही हैं। बेहतर हो इन मोर्चों पर कोरोना वॉरियर्स के रूप में सेवाएं दे रहे स्वयंसेवकों को तैनात किया जाए जिनका क्षेत्रीयजनों से जीवंत सम्पर्क होता है। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों की सेवाएँ भी ली जा सकती हैं।

इसमें कोई शक नहीं है कि लॉक डाउन का दूसरा चरण पहले की अपेक्षा कहीं ज्यादा दबाव वाला होगा। पहले दौर में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या सैकड़ों में थी जो 25-30 प्रतिदिन की दर से बढ़ रही थी। लेकिन अब ये संख्या 10 हजार का आंकड़ा पार कर चुकी है। इसके अलावा बड़ी संख्या उन लोगों की भी है जिन्हें संदेह के कारण क्वारंटाइन में कर रखा गया है। ऐसे में शासन-प्रशासन पर अतिरिक्त भार बढ़ता जा रहा है। चिकित्सा के काम में लगे डाक्टर्स और उनके सहयोगी भी दिन रात अपनी क्षमता से ज्यादा काम कर रहे हैं। ऐसे में लॉक डाउन बढने के बाद समाजसेवा में लगे व्यक्तियों और संस्थाओं को भी दोगुनी शक्ति से मैदान में डटना होगा। इसके साथ ही आम जनता को भी देखना और सोचना होगा कि ये संकट असाधारण और अप्रत्याशित होने से व्यवस्थाएं अपर्याप्त होना स्वाभाविक है और बजाय असंतोष फैलाने के हमें हालातों के साथ जीने की आदत डालना होगी। कोरोना संकट से उबरना तभी सम्भव हो सकेगा जब देश में उसके नये मरीज मिलने बंद हो जायेंगे। इसलिए स्थिति सामान्य होने की निश्चित अवधि कोई नहीं बता सकेगा। ये समय साहस से ज्यादा समझदारी दिखाने का है। आगे आने वाले 19 दिन में यदि संक्रमण की संख्या बढना नहीं रुका तब फिर इटली और स्पेन जैसी भयावह स्थिति पैदा हुए बिना नहीं रहेगी। सरकार की तरफसे मिलने वाली छूट का उतना ही उपयोग करें जितना अत्यावश्यक हो वरना ये लड़ाई और लम्बी खिंच सकती है और तब परेशानियां और ज्यादा हो जायेंगी। (लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं)

पूरी दुनिया को है कोरोना वैक्सीन का इंतजार

योगेश कुमार गोयल

माना जा रहा है कि कोरोना वायरस में इंफ्लुएंजा तथा दूसरे वायरसों जैसे तेजी से जेनेटिक संरचना बदलने के गुण नहीं होने के चलते अगर इस वायरस को रोकने के लिए कोई वैक्सीन बनती है या इससे प्रभावित मरीजों के लिए कोई कारगर दवा खोजी जाती है तो वह लंबे समय तक कारगर रहेगी। दरअसल इंफ्लुएंजा जैसे कई वायरस लगातार अपनी जेनेटिक संरचना बदलते रहते हैंए जिस कारण उनके लिए हर बार नई वैक्सीन तैयार करनी पड़ती है लेकिन जेनेटिक संरचना नहीं बदलने के कारण कोरोना के खिलाफलंबे समय तक काम करने वाला वैक्सीन बनाना आसान होगा। हालांकि अभी यह कह पाना मुश्किल है कि यह वैक्सीन कब तक तैयार होकर कोरोना मरीजों के लिए उपलब्ध हो सकती है। वैसे दुनियाभर के वैज्ञानिकों का कहना है कि जब कोरोना रोधी टीका बनकर तैयार हो जाएगाए तब यह इतना प्रभावी होगा कि कोरोना संक्रमण को शरीर में घुसने ही नहीं देगा।

कोरोना कोविड.19 का संक्रमण लगातार घातक होता जा रहा है। इससे अभी तक दुनियाभर में करीब दस लाख लोग संक्रमित हो चुके हैंए जिनमें से पचास हजार से अधिक की मौत हो चुकी है। इसका संक्रमण कितनी तेजी से फैला हैए उसका अनुमान इसी से सहज रूप से लगाया सकता है कि एक ओर जहां 22 जनवरी को केवल चीन में इसके कुल सात मरीज थेए वहीं करीब ढ़ाई माह बाद ही पूरी दुनिया में कोरोना संक्रमितों की संख्या डेढ़ लाख गुना बढ़कर दस लाख के आंकड़े को पार कर गई है। भारत में कोरोना संक्रमण का खतरा अब जिस तेजी से बढ़ रहा हैए उसी को देखते हुए 22 मार्च को ष्जनता कर्फ्यूष् के बाद सामुदायिक तौर पर इसके संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए देश के अधिकांश राज्यों में लॉकडाउन या कर्फ्यू लगाने का फैसला लिया गया था लेकिन लोगों के न समझने पर अंततः प्रधानमंत्री के निर्देशों पर 24 मार्च की रात से पूरे देश में सम्पूर्ण लॉकडाउन घोषित किया गया।

हालांकि जगह-जगह से लॉकडाउन के उल्लंघन के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैंए जो चिंता का विषय है। भारत में कोरोना का पहला मामला 25 जनवरी 2020 को चीन के वुहान शहर से केरल लौटी एक युवती में मिला था और उसके कई दिनों बाद तक देश में कोरोना मरीजों की संख्या तीन तक ही सीमित रही थीए जिन्हें उपचार के बाद ठीक करने में सफलता भी मिली थी। 10 मार्च को देश में कोरोना मरीजों की संख्या 50 तक पहुंच गई थी। उसके बाद के चंद दिनों में यह आंकड़ा जिस तेजी से बढ़ाए उससे भारत की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। 3 अप्रैल तक की तीन सप्ताह की इस अवधि में ही भारत में कोरोना मरीजों की संख्या 50 गुना बढ़कर 2500 के आंकड़े तक पहुंच गई है। एक ओर जहां पूरी दुनिया में कोरोना का खात्मा करने के लिए वैक्सीन की खोज पर तेजी से कार्य हो रहे हैंए वहीं विश्वभर में विशेषज्ञ यह आकलन करने में भी जुटे हैं कि

कोरोना का दायरा अभी और कितना भयावह हो सकता है। कोरोना से जहां पूरी दुनिया दहशत के साये में जी रही है और हजारों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैंए वहीं दुनियाभर की अर्थव्यवस्था भी चौपट हो चुकी है। पुरानी महामारियों के आंकड़ों तथा गणितीय मॉडल के आधार पर यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो के शोधकर्ताओं ने तो यह निष्कर्ष भी निकाला है कि आने वाले दिनों में कोरोना संक्रमितों की संख्या बड़ी तेजी से बढ़ने वाली है। कोरोना संक्रमण के मामले में प्रत्येक व्यक्ति इसका वाहक बन सकता है और इस गणितीय मॉडल के मुताबिक ऐसी महामारी के प्रसार में सबसे बड़ी भूमिका उन लोगों की ही होती हैए जिनसे यह बीमारी फैलती है। पूरी दुनिया भली.भांति अब यह समझ भी चुकी है कि कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने का एकमात्र उपाय तमाम शहरों में लॉकडाउन किया जाना ही है ताकि लोग घरों से बाहर निकलकर एक.दूसरे के सम्पर्क में न आएं और इस फैलाव को रोका जा सके। कोरोना वायरस को लेकर राहत देने वाली बात यह सामने आई है कि यह वायरस इंफ्लुएंजा की भांति अपनी जेनेटिक संरचना तेजी से नहीं बदल रहा। यानी चार महीने पहले चीन के वुहान में उसकी संरचना जैसी थीए अब भी लगभग वैसी ही है। दरअसल सामान्य रूप से वायरस एक से दूसरे मानव शरीर के भीतर गुजरते समय अपनी संरचना बदलते रहते हैंए जिसे म्युटेशन कहते हैं लेकिन कोरोना वायरस में म्युटेशन की यह प्रक्रिया नहीं देखी जा रही है।

भारत में इस वायरस के स्वरूप पर नजर रख रहे भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, आईसीएमआर के वैज्ञानिकों के मुताबिक भारत में पाए गए कोरोना वायरस काफी हद तक एक समान हैं जबकि ये कई देशों में रहने वाले लोगों के माध्यम से भारत में पहुंचे हैं। आईसीएमआर के वैज्ञानिकों ने पाया है कि भारत में मिले कोरोना वायरस की जेनेटिक संरचना 99०9 फीसदी वुहान शहर में मिले वायरस के समान ही है। भारत के अलावा दुनिया के अन्य देशों में भी कोरोना वायरस की जेनेटिक संरचना काफी हद तक एक जैसी ही पाई जा रही है। हालांकि आईसीएमआर के वैज्ञानिकों का कहना है कि इस वायरस के बारे में अभी निश्चित रूप से कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। उनका कहना है कि लंबे समय तक कोरोना वायरस पर नजर रखने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

संयोग ही हैं जन्मे इसी मातृभूमि

संयोग ही हैं जन्मे इसी मातृभूमि पे फिर क्या संयोग हैं तेरा तन नहीं ढका पर मेरा हैं मेरा मन नहीं ढका पर तेरा हैं भावनाओं को अब न करो आहत ये दो हमें भी राहत आह्वान हुए बहुत हुए ये कोई भ्रमजाल नहीं हैं बस यहीं संयोग ही हैं।
सोनू कुमार आकाश

वो मोड़ पर जो छोड़ दे वो क्या तुम्हें

वो मोड़ पर जो छोड़ दे वो क्या तुम्हे पहचानेगा! संघर्ष विपदाओं को बाधाओं को कैसे अनछुए जानेगा! पैरों के छाले रक्त मय जो रहे बनकर परछाई हर समय वो हाथ पकड़कर विजय ठानेगा तुम्हें अपना मानेगा!
प्रवीण माटी

खास पाती

आज के हाल, हुए बेहाल

आज के हाल, हुए बेहाल और ये आपातकाल ! कितना बेबस है वो श्रमिक,जो रोज कमाकर खानेवाला है और,, अकेला है अपने परिवार का करने वाला भरण-पोषण! आज समय की माँग को देखते हुए, जो आपातकाल जैसी स्थिति हुई है उतपन्न! जिसने तोड़ दी है उस श्रमिक की कमर,,जो बिना रोजगार के बैठा है निराश उस सोच-विचार में, कि कब ये आपातकाल हटेगा और वो कब पेटभर भोजन सुकून से खिला पायेगा अपने परिवार को! **सपना परिहार**

मुलाकात तो होती बहुतों से दुआ

मुलाकात तो होती बहुतों से दुआ सलाम हाय हेल्लो भी होती बहुतों से पर मित्रता होती सिर्फजिस से मेल खाते विचार आपके मिलते दिल से दिल नहीं बात ये आम जुड़े होते इस से एहसास, विश्ववास तभी हो पाती मित्रता वरना तो कितनों से ही मिलते, जुड़ते हैं आप मित्रता है एक रिश्ता आत्मीयता का नाता स्नेह का जिसे पिरोया जाता विश्वास और नेह के धागे से ।। **मीनाक्षी सुकुमारन**

मन में आस लगाये रखना खुद

मन में आस लगाये रखना खुद को तनिक बचाये रखना।। मन धावक है, दौड़ेगा ही उसका मन भरमाये रखना ।। आत्मनिरीक्षण की बेला है नीति-रीति समझाये रखना।। मिला विराम दौड़ने से जब, घर में पाँव जमाये रखना।। उतरा जीवन जो पहियों से हर पल उसे सजाये रखना ।। ऐसा समय मिले न पुनि-पुनि शिकवे-गिले मिटाये रखना।। लौटेगी फिर भोर संतरी आशा-कुसुम खिलाये रखना। **कल्पना मनोरमा**

इक ख्वाहिश तुमसे, कहनी थी

इक ख्वाहिश तुमसे, कहनी थी आज.... आसमां के पार तक, तुम देना मेरा साथ धड़कन जब रुकने लगे, जब थमने लगे सांस.... तुम थाम लेना मुझको पकड़ लेना मेरा हाथ उम्मीद जब मरने लगे, मिटने लगे सब आस बस इतनी सी फरियाद तुम रहना तब मेरे साथ बस इक ख्वाहिश तुमसे कहनी थी आजआसमां के पार तक तुम देना मेरा साथ। **पूनम राजपूत**

हां इश्क़ था दोनो को मगर थोड़ा

हां इश्क़ था दोनो को मगर थोड़ा खुद पर गुमां भी था चाहत पाने की थी आरजू पर संग शर्तों का काफिला भी था बयां तो करना था हाल दिल का मगर अश्क़ पलको से ढल न सके फासले हुए विचारों के दरमियां इतने मिलना तो चाहा तुमसे मगर हम मिल न सके। **प्रिया वच्छानी**

मेरे माथे पर धरा दहकता सूरज चाँद

मेरे माथे पर धरा दहकता सूरज चाँद सी शीतलता देता है रातबिरात और मेरी आँखों में जुगनु टिमटिमाते हैं अधबुने खूवाबों का सिरा दूर क्षितिज में मांगता है अपने होने की गवाही....। **आभा चन्द्रा**

इस देश को कोरोना नही दोगला

इस देश को कोरोना नही दोगला सेक्युलरिजम ही बर्बाद करेगा..! एक अखलाक की हत्या पर पूरे हिन्दू समाज को भगवा आतंकवाद से जोड़ा जा सकता है... तो पूरे हिंदुस्तान की जान को खतरे में डालने वाले तबलीगी जमात पर अंगुली उठाने से ये दोगले भड़क क्यों जाते हैं??? ये कमिनापन भारत में ही पाया जाता है... !**कुमार संतोष**

QUIZ TIME

1) नग्न आंखों से देखे जा सकने वाले कोशाणु का सबसे छोटा आकार क्या होता है?
(क) 1 माइक्रोन
(ख) 10 माइक्रोन
(ग) 100 माइक्रोन

2) सबसे बड़ा एक-कोशीय जीव है- (एसीटेबुलेरिया / अमीबा)

3) वह कंपनी कौन-सी है जिसने ट्रांजिस्टर रेडियो का आविष्कार किया था?

4) किस बैंक ने हाल ही में तत्काल परियोजना आरम्भ की है?

5) कॉमनवेल्थ राइटर्स पुरस्कार जीतने वाली महिला का नाम बताए?

उत्तरमाला-(1) 100 माइक्रोन (2) अमीबा (3) फिलिप्स (4) भारतीय स्टेट बैंक (5) गीता हरिहरन

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 15 अप्रैल की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः-1452- इटली के महान चित्रकार लिओनादो दा विची का जन्म। 1469-सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक का जन्म। 1689- फ्रांस ने स्पेन के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1817-अमेरिका में बधिर बच्चों के लिए पहला स्कूल खोला गया। 1895- बाल गंगाधर तिलक ने राजगढ़ किले में शिवाजी उत्सव का उद्घाटन किया। 1923-डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए इंन्सुलिन बाजार में उपलब्ध हुआ। 1927- स्विट्जरलैंड और तत्कालीन सोवियत संघ राजनयिक संबंध बनाने पर सहमत हुए। 1966-चित्रकार नंदलाल बोस का निधन। 1994-वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की स्थापना के बाद 123 देशों ने इसके समझौते पर हस्ताक्षर किए।

महाराष्ट्र के मंत्री जितेंद्र आव्हाड से जुड़े 16 लोग कोरोना पॉजिटिव, मचा हड़कंप

महाराष्ट्र के आवास मंत्री ने खुद को 14 दिन के लिए क्वारंटीन कर लिया है। दरअसल, उनसे जुड़े एक पुलिस अधिकारी और 15 अन्य में कोरोना पॉजिटिव पाया गया। मंत्री ने कहा कि 8 दिन बाद फिर टेस्ट होगा।

मुंबई/ठाणे। महाराष्ट्र के आवास मंत्री जितेंद्र आव्हाड से जुड़े 16 लोगों के सोमवार को कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद हड़कंप मच गया। इसमें उनकी सुरक्षा में रहे 5 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। सभी का टेस्ट किया गया था और सोमवार की शाम को रिपोर्ट आई। ठाणे महानगरपालिका के एक अधिकारी के मुताबिक, अन्य लोगों में उनके बंगले पर कार्यरत रसोइया, सफाई कामगार, बंगले पर कार्यरत स्टाफऔर अन्य कर्मचारी शामिल हैं। पॉजिटिव लोगों में ठाणे मनपा का एक पूर्व नगरसेवक भी बताया जा रहा है। आव्हाड पिछले कुछ दिनों से अपने विधानसभा क्षेत्र कलवा और मुंब्रा में जोरों पर सक्रिय थे और वे तमाम लोगों को भोजन का वितरण खुद करते थे। ऐसे में मुंब्रा और कलवा पुलिसकर्मियों के अलावा उनकी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी और उनके स्टाफ से जुड़े कुछ लोग उनके साथ रहते थे।

आशंका है कि पुलिसकर्मियों के संपर्क में आने से लोग

संक्रमित हुए। मुंब्रा पुलिस से जुड़े 35 पुलिसकर्मियों को क्वारंटीन किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, इसके चलते ही सावधानी के तौर पर आव्हाड खुद क्वारंटीन में चले गए। मंत्री आव्हाड ने कहा कि कोरोना वायरस से संक्रमित एक पुलिस अधिकारी के संपर्क के आने के कारण उन्होंने पृथक रहने का फैसला किया है। उन्होंने एक संदेश में कहा कि पहली जांच में वह कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं पाए गए लेकिन उन्होंने 14 दिन पृथक रहने का फैसला किया है। इससे पहले आव्हाड ने कहा, 'मेरे साथ चलने वाले एक पुलिस अधिकारी में संक्रमण की पुष्टि हुई है इसलिए मैंने पृथक रहने का फैसला किया है। ' उन्होंने कहा, 'कोरोना वायरस के लिए पहली जांच में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई। 8 दिन बाद फिर से जांच होगी और मुझे उम्मीद है कि इसमें भी यही नतीजे आएंगे।

आव्हाड ठाणे जिले के कलवा-मुंब्रा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहां पिछले कुछ सप्ताह में कई लोग संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले लोगों से घर में रहने की अपील करते हुए कहा था कि ऐसा नहीं करने पर इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। आव्हाड खुद को पृथक करने वाले राज्य के पहले मंत्री हैं।

इससे पहले सुबह 7 बजे ही सोनिया गांधी ने दिया अपना संदेश

पीएम मोदी के संबोधन से पहले कोरोना संकट पर सोनिया का राष्ट्र को संदेश

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से ठीक तीन घंटे पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने देश के नाम अपना एक वीडियो संदेश दिया है। कांग्रेस के ट्विटर हैंडल से शेयर किए गए वीडियो में सोनिया ने कहा कि कोरोना संकट में डॉक्टर्स, सफाईकर्मियों, पुलिस सहित सरकारी अधिकारियों के डटे रहने से बड़ी देशभक्ति और कोई नहीं है। उन्होंने भरोसा जताया कि एकता, अनुशासन और आत्मबल के भाव से देश कोरोना को पराजित कर देगा।

उन्होंने कहा, 'आज कोरोना संकट से निपटने में आप सभी के इस लड़ाई में खड़े रहने से बड़ी देशभक्ति और क्या हो सकती है। हम इस मुश्किल समय में आपके परिवारजनों पति, पत्नी, बच्चों,

उन्होंने डॉक्टर से गलत व्यवहार पर जताई चिंता

माता-पिता के त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूल सकते।' सोनिया ने कहा कि जोखिम होने के बावजूद आपके सहयोग और समर्पण से ही आप इस लड़ाई को लड़ पा रहे हैं। इनको धन्यवाद देने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है।

उपकरणों की कमी का किया जिक्र

सोनिया ने आगे कहा, 'मेरे प्यारे देशवासियों, हमारे योद्धा व्यक्तिगत सुरक्षा का अभाव होने के बाद भी इस लड़ाई को जीतने में दिन-रात एक किए हुए हैं। हमारे डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मचारी और समाजसेवी संगठन व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की कमी होने के बावजूद इलाज कर रहे हैं। पुलिस और जवान पहरा देकर नियमों का पालन करवा रहे हैं। सफाई कर्मचारी इस मुश्किल समय में भी संसाधनों की कमी के बाद भी संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए लगातार सफाई बनाए हुए हैं। सरकारी अफसर 24 घंटे इस वायरस पर नियंत्रण पाने और लोगों तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं लेकिन आपके हमारे सहयोग के बिना इनकी लड़ाई कमजोर पड़ सकती है और हमें ऐसा नहीं होने देना है।'

डॉक्टरों से बदसलूकी ठीक नहीं

सोनिया ने कहा, 'कई जगहों पर डॉक्टर्स के साथ गलत व्यवहार की खबरें आई हैं, ये काफी गलत है क्योंकि हमारी सभ्यता और संस्कृति ऐसी नहीं है। हमें इन सबका सम्मान करना चाहिए। आप ही में से कई लोग अपने स्तर पर व्यक्तिगत प्रयास कर रहे हैं। कोई लोगों को खाना खिला रहा है। कोई मास्क बांट रहा है। कोई गरीबों तक सूखा राशन पहुंचा रहा है मतलब हर हिंदुस्तानी कोरोना से इस लड़ाई को जीतने में एकजुट होकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। आप सभी लोग धन्यवाद के पात्र हैं।' उन्होंने अपने संदेश में कहा कि आज जब देश इतनी बड़ी लड़ाई लड़ रहा है तो कांग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी समझते हुए आप सभी योद्धाओं की मदद करने के लिए हमेशा तैयार है।

विश्व में 1.19 लाख लोगों की मौत, 19.11 लाख संक्रमित

बीजिंग/ जेनेवा/ नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब विश्व के अधिकतर देशों में फैल चुके इसके संक्रमण के कारण मरने वालों का आंकड़ा 119310 पहुंच गया है तथा 1911960 लोग इससे संक्रमित हुए हैं। विश्वभर में अब तक 448069 लोग इस वायरस से ठीक भी हुए हैं। भारत में भी कोरोना का संक्रमण तेजी से फैल रहा है और स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक देश के 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अब तक



10363 लोग इससे संक्रमित हुए हैं तथा 339 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं अब तक 1036 लोग इसके संक्रमण से पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में कोरोना वायरस से दुनिया में सर्वाधिक मौतें हुई हैं। विश्व की महाशक्ति माने-जाने वाले अमेरिका में यह महामारी विकराल रूप ले चुकी है।

स्वाइन फ्लू से 10 गुणा घातक है कोविड-19 : डब्ल्यूएचओ

जिनेवा/नई दिल्ली (वार्ता)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना वायरस 'कोविड-19' महामारी को स्वाइन फ्लू से 10 गुणा घातक बताते हुये सरकारों को लॉकडाउन या अन्य प्रतिबंध अचानक न हटाने की सलाह दी है। संगठन के महानिदेशक डॉ. तेद्रोस ए. गेब्रियेसस ने कोरोना पर नियमित संवाददाता सम्मेलन में सोमवार को कहा कि कोविड-19 के संक्रमितों की स्वाइन फ्लू के मुकाबले 10 गुणा ज्यादा मौतें हो रही हैं। उन्होंने कहा ÷कई देशों से मिले साक्ष्यों से इस वायरस के बारे में - इसके बर्ताव, इसे रोकने के तरीकों और इसके इलाज के बारे में - स्पष्ट तस्वीर सामने आ रही है। हम जानते हैं कि यह तेजी से फैलता है और 2009 में फैले फ्लू (स्वाइन फ्लू) से 10 गुणा अधिक घातक है। यह भीड़-भाड़ वाले इलाकों में ज्यादा तेजी से फैलता है और इसका संक्रमण रोकने के लिए संक्रमित लोगों का पता लगाना, जाँच, एकांतवास और संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति की पहचान जरूरी है। श्री तेद्रोस ने सदस्य देशों को लॉकडाउन तथा अन्य प्रतिबंधों को बेदह सावधानी से धीरे-धीरे हटाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कुछ देशों में इससे संक्रमित मरीजों की संख्या हर तीन-चार दिन में दुगुनी हो रही है। इसके मामले जितनी तेजी से बढ़ते हैं उससे बहुत ही कम गति से घटते हैं।

उ. कोरिया ने जापान सागर में कई क्रूज मिसाइलें दागीं

सोल। उत्तर कोरिया ने कई कम दूरी की क्रूज मिसाइलें जापान सागर में दागीं हैं। दक्षिण कोरिया के संयुक्त स्टॉफ प्रमुख (जेएससी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जेएससी के अनुसार, मिसाइलें उत्तर कोरिया के कांगवोन प्रांत के मुंचोन जटीय शहर के पास से दागी गयी थीं जो कि 150 दूर जाकर गिरीं। जेएससी ने एक बयान में कहा, ÷हमारी सेना निगरानी रख रही हैं और उत्तर कोरिया के संभावित सैन्य कार्यों के मद्देनजर तत्परता बनाए रखेगी। अमेरिका और दक्षिण कोरियाई खुफिया एजेंसियां ??पूरी तरह से उपलब्ध जानकारी की जांच कर रही हैं।

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर जफर सरफराज का कोरोना से निधन

पेशावर (वार्ता)। पाकिस्तान के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर जफर सरफराज का कोरोना वायरस के कारण निधन हो गया। वह 50 वर्ष के थे। सरफराज को सात अप्रैल को कोरोना वायरस की पुष्टि हुई थी जिसके बाद उन्हें पेशावर के एक अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया था लेकिन सोमवार देर रात उनकी मौत हो गयी। बाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज ने 1988 से

1994 तक 15 प्रथम श्रेणी मैच खेले। उन्होंने 1990 से 1992 तक लिस्ट ए के छह मैच खेले। इसके अलावा सरफराज 2000 में पेशावर अंडर-19 टीम के कोच भी रहे थे। कोरोना वायरस का दुनियाभर में प्रभाव पड़ा है और पाकिस्तान में इसके 5500 मामले सामने आ चुके हैं और इससे यहां मरने वालों का आंकड़ा 100 के करीब पहुंच चुका है।

चार दिवसीय टेस्ट के पक्ष में नहीं: लक्ष्मण

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने चार दिवसीय टेस्ट कराने की योजना को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि वह इसके पक्ष में नहीं है।

क्रिकेट जगत में पिछले कुछ समय से टेस्ट मैच को पांच दिन की जगह चार दिवसीय कराने पर बहस चल रही है लेकिन अब तक इस पर कोई फैसला नहीं हो सका है। लक्ष्मण ने स्टार स्पोटर्स के शो क्रिकेट कनेक्टेड में कहा, ÷मैं चार दिवसीय टेस्ट क्रिकेट के पक्ष में नहीं हूं। पांच दिन का खेल

ज्यादा अच्छा है और क्रिकेट के लिहाज आदर्श है क्योंकि इससे बेहतर नतीजे प्राप्त होते हैं और चार दिन के खेल में मन मुताबिक नतीजे नहीं हासिल हो पाएंगे। उन्होंने कहा, इसका एक अन्य कारण टॉस भी है। खासकर विदेशी दौरे में जहां मेहमान टीम के कप्तान को फैसला लेना होता है कि उसे क्या करना है क्योंकि हम चाहते हैं कि टीम विदेशी जमीन पर जीते। इससे दर्शकों को भी ज्यादा मजा आता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने टेस्ट क्रिकेट को बनाये रखने के लिए पिच की गुणवत्ता और दर्शकों के अनुभव पर कहा, ÷पिचों का सपाट होना नीरस टेस्ट मैचों का एक बड़ा कारण है। ऐसी पिचों से टेस्ट मैचों को कोई फायदा नहीं हो सकता।

प्रणति राय प्रकाश ने दिये फिटनेस टिप्स

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रणति राय प्रकाश ने अपने प्रशंसको के बीच फिटनेस टिप्स शेयर किये हैं। देश भर में कोरोना वायरस के चलते लोग घर में रहकर फिट रहने के विकल्प तलाश रहे हैं जिससे इम्युनिटी को मजबूत करके इस महामारी का मुकाबला किया जा सके। इसी दिशा में हमारी पसंदीदा बॉलीवुड हस्तियां भी कार्यरत हैं। प्रणति इन दिनों अपनी फिटनेस को लेकर काफी सतर्क है। प्रणति ने अपने प्रशंसकों के लिए फिटनेस वीडियो अपलोड किया हैं जिससे वे घर में रहकर इस वीडियो को फॉलो करते हुए फिट रह सके। प्रणति राय प्रकाश लॉकडाउन के दौरान किया जा सकने वाला एक नया वर्कआउट रूटीन लेकर आई है। प्रणति ने अपने वीडियो में आठ आसनों की एक सीरीज़ बनाई है। जिसे सिर्फऔर सिर्फ 5 मिनट के अंदर किया जा सकता है। प्रणति ने कहा, ÷ मेरे दैनिक वर्कआउट की एक झलक मेरे प्रसंशको के लिए ! तो मैं अब अपना वर्कआउट आप सबके साथ शेयर कर रही हूँ ,ताकि आप अपनी बढ़ रही कैलोरी पर नज़र रख सकें। यह विभिन्न अभ्यासों का एक मिक्सचर है जो मुझे लगता है कि पुरे शरीर को लक्ष करता है।मुझे एक्सपेरिमेंट करना और ट्विस्ट करना पसंद है। मुझे यकीन है कि यह आपकी मदद करेगा।

लॉकडाउन बढ़ने से अधर में लटक गया आईपीएल

कोरोना वायरस के कारण देशभर लॉकडाउन तीन मई तक बढ़ाये जाने के बाद आईपीएल का इस साल आयोजन अधर में लटक गया है।

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लॉकडाउन को 14 अप्रैल से बढ़ाकर तीन मई करने की घोषणा की। श्री मोदी के इस फैसले के बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भी अगले 19 दिन के लिए नियमित यात्री उड़ानें रद्द करने की घोषणा की। मंत्रालय ने बताया कि सभी नियमित घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन तीन मई की रात 11.59 मिनट तक के लिए निलंबित किया जाता है।

इस स्थिति में आईपीएल का आयोजन कम से कम मई महीने तक नहीं हो सकेगा, हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आईपीएल को लेकर कोई घोषणा नहीं की है। आईपीएल को 29 मार्च को शुरू होना था लेकिन कोरोना के कारण इसे 15 अप्रैल तक स्थगित कर दिया गया था। प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद बीसीसीआई को आईपीएल को लेकर फैसला करना है कि इसे कब तक स्थगित किया जाए।

बीसीसीआई के पास एक विकल्प यह है कि यदि आईसीसी टी-20 विश्वकप (18 अक्टूबर से 15 नवंबर) को स्थगित करती है तो वह आईपीएल को अक्टूबर-नवंबर में करा सकता है। टूर्नामेंटों को दर्शकों के बिना कराने को लेकर भी चर्चा है।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष महिम ने दिया इस्तीफा

मुंबई (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष महिम वर्मा ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। महिम ने पिछले महीने उत्तराखंड राज्य क्रिकेट संघ का चुनाव लड़ा था और वह राज्य संघ के सचिव चुने गए जिसके बाद उन्होंने बीसीसीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल जौहरी को अपना इस्तीफा सौंप दिया। बीसीसीआई संविधान के अनुसार कोई भी व्यक्ति एक ही समय पर राज्य और केंद्र दोनों जगह पद पर नहीं रह सकता है।

रिलायंस फाउंडेशन डॉक्टरों को देगा अतिरिक्त वेतन

रिलायंस फाउंडेशन ने कोरोना वायरस (कोविड-19) से लड़ रहे सर एच. एन. रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों को एक महीने का अतिरिक्त वेतन देने की घोषणा की है। डॉक्टरों और नर्सों समेत यह वेतन उन स्वास्थ्यकर्मियों को भी मिलेगा जो कोरोना वायरस से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस से लड़ने के लिए रिलायंस फाउंडेशन ने मुंबई में 100 बिस्तरों का एक अस्पताल भी बनाया था। इस अस्पताल में काम करने वाले रिलायंस फाउंडेशन के स्वास्थ्यकर्मियों और डॉक्टरों को भी एक महीने के अतिरिक्त वेतन दिया जाएगा। रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष नीता अंबानी का आभार जताते हुए सर एच एन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. तरंग ने कहा कि इस मुश्किल की घड़ी में उन्होंने (श्रीमती अंबानी) में हमारा ख्याल रखा इससे हम अभिभूत हैं और उनके आभारी हैं। डॉ. तरंग में कोरोना संक्रमितों के उपचार में जुटे देश भर में डॉक्टरों और नर्सों पर हमले की रिपोर्ट्स पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एकतरफ जहां लोगों के उन पर थूकने, मकान मालिकों के भद्दा व्यवहार करने की खबरे भी सामने आ रही हैं। ऐसे में रिलायंस फाउंडेशन का डॉक्टरों को अतिरिक्त वेतन देने जैसा कदम सेवाभाव के प्रति हौसला और संबल बढ़ाने वाला है। स्वास्थयकर्मियों के नाम अपने पत्र में डॉ. तरंग ने धन्यवाद देते हुए कहा है कि आप कोरोना वायरस से अपनी लड़ाई जारी रखिए हम आपको पूरा सहयोग करेंगे। स्वास्थ्यकर्मियों को हीरो बताते हुए उन्होंने कहा कि ÷हम पूरी रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल टीम के बहुत आभारी हैं, जो कोविड-19 के खिलाफ इस युद्ध में एक सेना की तरह एक साथ काम कर रहे हैं। आप असली योद्धा और वास्तविक नायक हैं। सभी के बेजोड़ प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प पर हमें बेहद गर्व है। एक महीने की अतिरिक्त वेतन के अलावा घर के लिए किराने का सामान भी रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से दिया जा रहा है। यह सामान उन स्वास्थ्यकर्मियों को दिया जाएगा जो अस्पताल में काम के दौरान घर पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्यकर्मियों के लिए फ्री बस सर्विस, फ्री खाना पीना, सुरक्षा के सभी जरूरी उपकरण जैसी सुविधाएं भी रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल कर्मियों को दे रहा है।

लॉक डाउन से फूल उत्पादकों को पहुंचा भारी नुकसान

नई दिल्ली (वार्ता)। लॉक डाउन के कारण फूल उत्पादक किसानों को इस बार न केवल भारी आर्थिक नुकसान हुआ है बल्कि ऋण के कारण कुछ लोग अवसाद का सामना भी कर रहे हैं। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में वर्षों से फूलों को खेती करने वाले छोटे किसान जबरदस्त आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं । कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण अचानक लॉक डाउन की घोषणा से इन किसानों के फूल के बाग उजड़ गए हैं। किराए पर लिए गए खेत की राशि का भुगतान , बैंक से लिए गए ऋण , अगली फसल के लिए पूंजी की व्यवस्था और कई अन्य समस्याएं इनकी नींद उड़ाए हुए हैं।



कोरोना के समय हर इंसान में दिख रही है सद्भावना : अमिताभ

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि कोरोना के कारण लोग एक-दूसरे के बारे में सोचने लगे हैं और ऐसी सद्भावना पहले नहीं दिखी है। अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते है। वह अकसर समसामयिक मुद्दों पर भी बेबाकी से अपनी राय रखते नजर आते हैं। अमिताभ लगातार कोरोना वायरस को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। अमिताभ ने एक नया पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। अमिताभ ने अपनी पुरानी और नई फोटो का एक कोलाज शेयर किया है। एक तस्वीर में वह फोन पर बात करते नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी में वह हाथों से फोन का इशार कर रहे हैं। अमिताभ ने लिखा, ÷ एक बात तो तय है ; इस कोरोना के दौरान , जितनी सद्भावना इंसान ने इंसान को दिखाई है, शायद पहले कभी नहीं देखी गई । आप किसी भी देश, प्रांत ,समाज, रंग , जाति , धर्म , के हों ; हर तरफ़से बस एक ही आवाज़ गूँज रही है , सब के लिए , सब से .... आप ठीक हो , सुरक्षित हो।

पुलिस की सख्ती के बाद भी अवैध कच्ची शराब बना रहे

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु धमतरी पुलिस लगातार लाक डाउन के दौरान नियमों का पालन करने समझाइश दे रही है, वहीं कुछ असामाजिक तत्व के लोग अवैधानिक कृत्यों से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक महोदय श्री बी.पी. राजभानु के द्वारा वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

अवैध रुप से कच्ची दारू महुआ बेचते हुऐ अरोपी गिरफ्तार

धमतरी। नोवल कोरोना वायरस (ष्टद्व1द्बस्र-19) संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु धमतरी पुलिस लगातार लाकडाउन के दौरान नियमों का पालन करने समझाइश दे रही है, वहीं कुछ असामाजिक तत्व के लोग अवैधानिक कृत्यों से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों एवं आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक बी.पी. राजभानु ने वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। थाना कुरूद पुलिस को पेट्रोलिंग दौरान सूचना मिली कि दो व्यक्ति ग्राम डाडेसरा नहर पुल के पास अवैध रूप से देसी महुआ शराब बिक्री कर रहे हैं।

इसी दरमियान थाना मगरलोड को सूचना मिली कि ग्राम बिरझुली से करीबन 3 किलोमीटर दूर जंगल में नाला के किनारे अवैध रूप से महुआ शराब निर्माण हेतु प्लास्टिक ड्रम में महुआ भरकर जमीन में गड़ा कर रखे हैं । उक्त सूचना की तस्दीकी एवं वैधानिक कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री रश्मिकांत मिश्र के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मगरलोड उप निरीक्षक सुभाष लाल के द्वारा पुलिस टीम तैयार कर वैधानिक कार्यवाही हेतु रवाना किया गया ।

थाना मगरलोड पुलिस टीम के द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम बिरझुली से करीबन 3 किलोमीटर दूर जंगल में नाला के किनारे रेड कार्यवाही करने पर करीबन 07 क्विंटल महुआ पास कई ड्रमों में भरकर जमीन में गड़ा कर रखना इसी प्रकार ग्राम बमोरी से दो-तीन किलोमीटर अंदर जंगल में करीब 9 क्विंटल महुआ पास जमीन में गड़ा कर रखें व 1 क्विंटल महुआ भरा ड्रम कुल 17 क्विंटल महुआ पास पाये जाने पर उसे नष्ट किया गया है ।

लॉक डाउन में धरे गये 08 जुआरी

महासमुंद। पुलिस को सूचना मिली कि महासमुन्द शहर में कुछ लोग लॉक डाउन के नियमों का पालन न कर एकत्र होकर जुआ का फ्ड सजा रहे है उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक श्री प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने थाना कोतवाली को कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिये। थाना कोतवाली की टीम ने मुखबीर लगाकर उक्त सूचना की तश्दीक की तो पता चला कि पंजाबी पारा में तुषार चैहान के मकान में कुछ लोग लॉक डाउन के एवं सोशल डिस्टेसिंग के नियमो का पालन न कर जुआं का फ्ड सजा रहे हैं उक्त सूचना पर थाना कोतवाली की टीम ने पंजाबी पारा मे तुषार चैहान के घर में चारों ओर से घेराबंदी कर दबीस दी जहॉ 08 जुआरियान 01. राजकुमार साहू पिता स्व. मुन्नालाल साहू उम्र 35 वर्ष शंकर नगर महासमुन्द, 02 प्रवीण नागदेवे पिता विजय नागदेवे उम्र 32 वर्ष आदर्श नगर महासमुन्द, 03 प्रिंस कुमार पिंचा पिता मनोहर पिंचा उम्र 33 वर्ष कॉलेज रोड महासमुन्द, 04 तुसार चैहान पिता स्व. रोहन चैहान उम्र 36 वर्ष पंजाबी पारा महासमुन्द, 05 राहुल लुनिया पिता नरेश लुनिया उम्र 33 वर्ष कॉलेज रोड महासमुन्द, 06 आनंद कामदार पिता बाबूलाल कामदार उम्र 37 वर्ष पंजाबी पारा महासमुन्द, 07 संतोष कुमार साहू पिता गजाधर साहू उम्र 36 वर्ष पुराना रावण भाठा महासमुन्द, 08 हितेश चैहान पिता मोहन चैहान उम्र 31 वर्ष स्टेशन पारा वार्ड महासमुन्द, के पास से एवं फ्ड से 76050/- रूपये, 08 नग मोबाईल व 03 नग मोटर सायकल जुमला कीमति 1,51,050/- रूपये एवं ताश की 52 पत्ती जप्त कर धारा 13 जुआ एक्ट के साथ-साथ लॉक डाउन में लागू धारा 144 के नियमों का उलंघन करने पर धारा 188, 147 भादवि कार्यवाही की जा रही है। यह संपूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक श्री प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति मेघा टेम्भुरकर के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी राकेश खुटेश्वर व थाना की टीम द्वारा की गई।

बिना वजह घूमने वाले लोगों की दुपहिया जब्त, चौकी में गाडियों का अंबार

धमतरी। कोरोना कायरस संक्रमण के चलते लाकडाउन अभी जारी है.वही लाकडाउन के नियमो का पालन करवाने जिला और पुलिस प्रशासन सख्ती के साथ कार्रवाई भी कर रहा है.लेकिन लाख समझाईस के बाद भी लोग अपने हरकतों से बाज नही आ रहे है जिनके उपर लगातार कार्रवाई जारी है। वही धमतरी यातायात पुलिस ने लाकडाउन में अब तक दो सौ से ज्यादा बिना वजह के घूमने वाले लोगो के बाईक को जब्त कर चलानी कार्रवाई कर चुका है.इसके साथ ही पुलिस लोगो को लाकडाउन के नियमो और बेवजह नही घूमने की अपील भी कर रही है.गौरतलब है कि देश सहित प्रदेश में कोरोना मरीजो के बढते आंकड़ो से शासन प्रशासन गंभीर है और कोरोना वायरस की रोकथाम के प्रयास में दिन रात जुटे हुए है।

कोरोना आपदा से निपटने पुलिस हर मोर्चे पर तैनात

■ थाना प्रभारी भूषण चन्द्राकर लगातार जवानो के साथ कर रहे है गस्त

मैंनपुर। कोरोना वायरस के संक्रमण से लोगो की सुरक्षा के लिए पुलिस बल अपने मजबूत इरादों के साथ 24 घंटा तेज धूप बारिश आंधी तुफान के बीच जनता की सेवा के लिए हर मोर्चे पर तैनात नजर आ रहे है विकट परिस्थितियों में आम लोगो के लिए एक ओर रक्षक के रूप में तो दुसरी ओर लॉक डाउन के नियम को तोडने वाले लोगो को लगातार समझाईस दे रहे है तो कही निशक्तो को भोजन करा रहे है मैनपुर क्षेत्र में पुलिस के जवानों के मुस्तैदी के चलते अब तक लॉक डाउन के नियमो का बेहतर पालन होते दिखाई दे रहा है

थाना प्रभारी भूषण चन्द्राकर लगातार पुलिस के जवानों के साथ स्वयं मोर्चा संभाले हूए है और गांव गांव पहुचकर लोगों को लॉक डाउन के नियमों का पालन करने की अपील भी कर रहे है, आज सोमवार को मैनपुर में साप्ताहिक बाजार बंद हो जाने कारण हटरी बाजार कुछ घंटो के लिए शासन के निर्देशानुसार लगाया गया था जिसमें थाना प्रभारी भूषण चन्द्राकर स्वंय अपने जवानों कें साथ लोगो से सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हूए सब्जी खरीदने के लिए प्रेरित करते रहे है और आवश्यक दिशा निर्देश देते दिखाई दिए दुसरी ओर लगातार लाउड स्पीकर के माध्यम से लोगो से अपील भी पुलिस द्वारा किया जा रहा है कि लोग बेवजह अपने घरो से न निकले और उन्हे मास्क पहनने के लिए अपील किया जा रहा है साथ ही बार बार हाथ धोकर स्वच्छता बरतने के लिए अपील कर रहे है मैनपुर पुलिस द्वारा लगातार सब्जी व किराना दुकानों के सामने जमीन में गोला बनाकर लोगो से आपस में निश्चित दुरी बनाने का संदेश देने के साथ साथ इन स्थानों पर इनका पालन भी सुनिश्चित करवा रही है सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने मुस्तैदी से कार्य किया जा रहा है।

जरूरतमंदो के लिए भोजन की व्यवस्था भी पुलिस कर रही है

मैनपुर पुलिस के जवान संकट के इस दौर में मैनपुर नगर में बेसहारा पागल, अर्धविक्षिप्त और निसहाय एंव जरूरतमंदो के लिए जंहा राशन तक की व्यवस्था कर रहे है तो दुसरी ओर पुलिस द्वारा उन्हे भोजन भी कराते दिखाई दे रहे है जो अपने आप में एक मिशाल है।

कोई भी ग्रामीण न रहें वंचित, बेलसोंडा में 'राशन बांटो' अभियान

बेलसोंडा। विगत 12 से 15 अप्रैल तक ग्राम पंचायत बेलसोंडा सरपंच श्रीमती भामिनी पोखन चंद्राकर, उपसरपंच श्रीमती हुलसी जितेंद्र चंद्राकर द्वारा पंचों के सहयोग से 'राशन बांटो' अभियान चलाया जा रहा है। विदित है कि कोरोना संक्रमण के कारण किए गए लॉकडाउन में राशन सामग्री एवं अन्य दैनिक वस्तुओं की कमी के कारण सरपंच ने अपनी सह्रदयता का परिचय देते हुए उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें उनके समर्थकों एवं समस्त ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम में सरपंच ने पंचायत की राशि का सदुपयोग करते हुए सैनिटाइजर, डेटॉल/नीम साबुन, खाद्य तेल एवं पोहा का वितरण किया तथा पंचों के सहयोग से उसने ऐसी व्यवस्था की जिसमें कोई भी ग्रामीण इस लाभ से वंचित न रहें। विदित हो कि सरपंच ने कोरोना वायरस से बचने/लड़ने के लिए पूरे गांव में व्यापक रूप से नाकेबंदी भी की है तथा कोतवाल को स्पष्ट निर्देश भी दिया है कि वे गांव में लगातार भ्रमण करते रहें ताकि लोग समूह में न बैठें तथा सामाजिक/मानवीय दूरी का परिपालन होने के साथ ही साथ गांव में बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः निषेध रहे।

अज्ञात कारण से दो अलग अलग जगहों में महिला व पुरुष ने की आत्महत्या

धमतरी। सोमवार को अर्जुनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग जगहों में महिला व पुरुष ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत आमदी हाई स्कूल के पीछे सरस्वती साहू पति ओम प्रकाश साहू ने पेड़ में फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली ।बताया जा रहा है कि महिला के पास सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। इसी तरह थाना अर्जुनी थाना क्षेत्र के ही अंतर्गत निर्माणाधीन बाईपास रोड में पेड़ के किनारे तेलीनसत्ती निवासी युवक दाऊलाल साहू पिता रामगोपाल 37 वर्ष फांसी के फंदे पर झूल गया। रक्तदान एंबुलेंस द्वारा दोनों शव को जिला अस्पताल लाया गया।

लॉक डाउन के बीच हो रहा रोजगार गारंटी का काम

लवन। जनपद पंचायत बलौदा बाजार क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के आश्रित गांव ढनढ़नी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत पनखत्ती तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि संतोष वर्मा के द्वारा उपसरपंच गजेंद्र वर्मा तकनीकी सहायक रजनी कश्यप बीएफ्टी सनत कुमार वर्मा रोजगार सहायक दिनेश वर्मा पंच अजय रात्रे मुन्ना लाल चतुर्वेदी पंच प्रतिनिधि नकुल रात्रे तामेश्वर रात्रे खोलबाहरा चतुर्वेदी गांव के वरिष्ठ नागरिक धनीराम रात्रे रेशम लाल रात्रे घनाराम जोशी तुलाराम जोशी की उपस्थिति में श्रीफल तोड़कर किया गया।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत पनखत्ती तालाब गहरीकरण कार्य के लिए जनपद पंचायत बलौदाबाजार के द्वारा 9 लाख 59 हज़ार रुपये की राशि स्वीकृत हुई हैं। तालाब गहरीकरण कार्य 13 अप्रैल दिन सोमवार से प्रारंभ हुई जिसमें 149 मजदूर कार्यरत हैं। लॉक डाउन के बीच हो रहे मनरेगा के कार्य में तकनीकी सहायक रजनी कश्यप के द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच व रोजगार सहायक को सामाजिक दूरी के तहत सोशल डिस्टेंस का पालन करने आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया कार्यस्थल में मौजूद सभी मजदूरों को एक एक मीटर की दूरी में रहकर कार्य करने बोला गया।

28500 रुपए का डीडी चेक जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर को सौंपा

लवन। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन द्वारा कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए की गई एकत्र राशि को अध्यक्ष देवीलाल बार्वे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सहायता कोष मे 28500 रूपये का डीडी चेक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर को भेंट की गई। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामेश्वर पांडेय जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अनुराग पांडेय, अभिषेक पांडेय प्रभारी महामंत्री सतीश पांडेय, पुनीत पांडेय राधेश्याम रात्रे, पिंटूवर्मा, मृत्युंजय पांडेय, मनीष चंद्राकर सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

आईआईएम की जिला इकाई द्वारा पीपीई की 150 किट दान

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की राजनांदगांव जिला इकाई द्वारा पीपीई (व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण) की 150 किट मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के लिए दान में दी गई है। यह उपकरण कोरोना पॉजिटिव लोगों के इलाज के दौरान उपयोग में लाई जाती है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की राजनांदगांव इकाई के अध्यक्ष डॉ. ए.एस. दीक्षित, सचिव डॉ. पवन जेठानी, सदस्य डॉ. मोहन पारख, डॉ. नरेंद्र गांधी तथा डॉ. विक्रम बग्गा उपस्थित थे।

अंधविश्वास: कोरोना के कहर से बचने लौंग, इलाइची एवं डामर गोली को गले में बांध रहे लोग

लवन। कोरोना वायरस ने पूरे देश दुनिया को झकझोर कर रख दिया है कोरोना का नाम सुनते ही लोगों की रूह कांप उठती है। छत्तीसगढ़ सरकार शासन प्रशासन कोरोना की खात्मा के लिए तरह तरह के उपायों के साथ पूरी मुस्तैदी के साथ जुटी हुई है इन सबके बीच अंचल के गांवों में कोरोना से बचने के लिए लोग अंधविश्वास के चलते कहीं कपूर का धुआं कर रहे हैं तो कहीं दिया जला रहे हैं एवं लौग इलायची

डामर गोली को गले में बांधकर कोरोना को भगाने का दावा कर रहे हैं इन सभी तरीकों से कोरोना तो भाग नहीं रहा लेकिन अंधविश्वास से कोरोना को खत्म करने की बात सुनकर घरों से निकल रहे हैं।

एक तरफ लोगों को कोरोना से बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और शासन प्रशासन सोशल डिस्टेंसिग में लोगों को रहने की बात कह रहे हैं वही अंधविश्वास के कारण वायरस को रोक नहीं रहा है उल्टा वायरस के प्रभाव को बढ़ा रहा है। ऐसी अफ्वाह आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में है जहां लोग स्वयं एवं बच्चों को इलायची डामर गोली एवं लौंग की माला पहना रहे हैं लोग स्वयं एवं बच्चों के गले में माला इसलिए पहना रहे हैं ताकि उनमें एवं बच्चों में कोरोना का संक्रमण नहीं फैले। हमारे इस प्रतिनिधि ने इस संबंध में जानकारी लेने कुछ गांव का दौरा कर लोगों से उनकी राय जाननी चाही तो लोगों का कहना है कि एक दूसरे से सुनकर ही यह उपाय कर रहे हैं की लौंग इलाइची डामर गोली से बनी ताबीज को गले में बांधकर रखने से कोरोना नहीं होता लोगों को कहना है कि जान है तो जहान है।

'डोनेशन ऑन व्हील्स' को अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने की मदद

महासमुंद। देशव्यापी कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव के लिए किए गए तालाबंदी के मध्य कई समाजसेवी संस्थाएं, सामाजिक संगठन, अधिकारी-कर्मचारी, आम जनता इस मुश्किल समय में जिले के अपने जरूरतमंद भाई-बहनों के लिए आगे आए हैं। जिले में जिला राहत कोष में विभिन्न दानदाताओं के दान का सिलसिला अनवरत जारी है परंतु समाज का एक अन्य तबका ऐसा भी है जो इस आपदा काल में अपना योगदान जरूरतमंदों एवं शासन-प्रशासन को देना चाहते हैं लेकिन तालाबंदी के चलते अपने योगदान को सही लोगों तक पहुंचाने में असमर्थ रहा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

दिहाड़ी मजदूरों, बूढ़ों, दिव्यांगों...

3 मई तक आना संभव नहीं। मजदूरों को आपदा कोष से उनके खाते में 1 हजार तत्काल डाले, मुख्य सचिव के अध्यक्षता में एक समिति बनाकर संबंधित राज्यों से तालमेल बनाकर 3 दिन में इसका निराकरण करें, मजदूरों को दूसरे राज्य में चांवल तो मिल रहा है, परन्तु दुध, दवाई एवं अन्य सामग्री हेतु तत्काल जरूरत है, अभी तक कितने मजदूरों को अन्य राज्यों में चिन्हांकित कर पैसा भेजा गया जानकारी सार्वजनिक करें, तत्काल निर्णय ले। हाई कोर्ट ने भी चिन्ता व्यक्त की है, सभी संभाग में कोरोना के टेस्ट हेतु तत्काल लैब प्रारंभ करे, सभी मेडिकल कॉलेज में यह संभव है। पीपीई किट, टेस्ट किट, वेंटिलेटर हेतू कार्ययोजना बनाकर तत्काल खरीदी की व्यवस्था करें।

रमन सिंह अपने नेताओं...

मेरी केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन से कल ही बात हुई है। उन्होंने यह कहा कि पूरे विश्व के पास सामानों की कमी है, हम अकेले नहीं है। रमन ने कहा था कि सरकार को यह ध्यान देना चाहिए कि मेडिकल कॉलेजों को कोरोना के इलाज के लिए कैसे तैयार किया जा सकता हैं। टेंडर-टेंडर का गेम चल रहा है। टेंडर की प्रक्रिया नहीं हो रही है। जारी टेंडर में 20 दिन निकल गए। आगे भी 20 दिन निकल जाएंगे। डॉ. सिंह ने कहा कि हम जिस बात को रोज चिल्ला-चिल्ला कर कह रहे हैं कि स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत किया जाए, अब कोर्ट को कहना पड़ रहा है। सरकार के लिए इस कठिन समय में इससे ज्यादा पीड़ाजनक और क्या बात हो सकती है कि उन्होंने राजनीतिक दल के लोगों की बात सुनना बंद कर दी तो अंत में न्यायालय को टिप्पणी करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ यह टिप्पणी इतनी दुखदाई है कि ऐसे समय में बिलासपुर में जो मेडिकल कॉलेज है उसमें कम से कम सभी फैसिलिटी तैयार करके रखने का समय था।

कटघोरा में और दो...

जिसमें से 10 मरीज ठीक हो चुके हैं। अभी कुल 23 मरीजों छत्तीसगढ़ में एक्टिव है।

इधर राजधानी में...

सोमवार को संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाये रायपुर संभाग डॉ सुभाष पाण्डेय ने आज अटारी हीरापुर का दौरा किया और चिकित्सक दल को सभी पीड़ित मरीजो को स्वास्थ्य सलाह देने के निर्देश दिए गए। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोखोपारा में ईलाज की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण मैं स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मीरा बघेल ने बताया की पीलिया से सभी को खतरा होता है लेकिन इससे बच्चे और गर्भवती को सबसे अधिक खतरा होता है। इसलिए रायपुर शहर मैं पीलिया प्रभावित क्षेत्र की सभी गर्भवतियो की पीलिया की जाँच विभाग के द्वारा की जाएगी। आपकी जाँच के लिए के लिए आने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सहयोग प्रदान करे।

लॉकडाउन -2 में पीएचक्यू...

आवश्यकता पड़ने पर अधिकारी-कर्मचारी को कार्यालय में उपस्थित होने को निर्देशित किया जा सकता है। डी.जी.पी. ने इस अवधि में मोबाइल चालू रखने के निर्देश दिए हैं। जिन शाखाओं में उपस्थिति अनिवार्य हो वहां कम से कम लोगों की पालियों में ड्यूटी लगाने निर्देशित किया गया है। कार्यालय बुलाये जाने की स्थिति में भीड़-भाड़ से बचकर पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग नहीं कर स्वयं के साधन से आने को कहा गया है। श्री अवस्थी ने निर्देश दिए हैं कि कार्यालय आने वाले मास्क लगाकर और हाथों को सैनेटाइज कर ही कार्यालय में प्रवेश करें। सम्पूर्ण उपस्थिति अवधि में मास्क लगाए रखने और समय-समय पर हाथों को साबुन-हैंडवॉश-सेनेटाइजर से धोने के निर्देश दिए गए हैं।

सड़कों पर उतरे...

मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठीचार्ज कर इन लोगों को तितर-बितर कर दिया है।

राशन ना मिलने से परेशान कामगार

महाराष्ट्र से पहले कर्नाटक के मेंगलुरु में भी इसी तरह की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। कर्नाटक के होइगे बाजार में सैकड़ों लोग एक ही जगह पर इकट्ठा हो गए थे। कर्नाटक में अब तक कोरोना के कुल 258 मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें से 9 लोगों की मौत हो चुकी है।

लॉकडाउन बढ़ाए जाने के बाद घबराए लोग

21 दिन के लिए देश में लागू लॉकडाउन 14 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। इससे पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 10 बजे देश को संबोधित करते हुए ऐलान किया अब देशभर में 3 मई तक लॉकडाउन जारी रहेगा। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि लोग लॉकडाउन को लंबा खिंचता देख घबरा गए और घर भेजने की मांग करने लगे।

3 मई तक बढ़ा...

पीएम मोदी ने कहा कि देश पूरी मजबूती के साथ कोरोना वायरस महामारी से लड़ रहा है।

3 मई तक बढ़ा लॉकडाउन

पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना जिस तेजी से फैल रहा है उसने दुनियाभर में सरकारों और हेल्थ एक्सपर्टों को और ज्यादा सतर्क कर दिया है। भारत में कोरोना के खिलाफ लड़ाई अब आगे कैसे बढ़े, हम विजयी कैसे हों, हमारा नुकसान कैसे हो, लोगों की दिक्कतें कैसे कम हो, इन बातों को लेकर राज्यों के साथ मैंने निरंतर चर्चाएं की हैं। सबका यही सुझाव यही आता है कि लॉकडाउन को बढ़ाया जाए। कई राज्य पहले ही लॉकडाउन को बढ़ाने का फैसला कर चुके हैं।

रोज कमाई करने वाले मेरा परिवारः पीएम मोदी ने कहा कि जो रोज कमाते हैं, रोज की कमाई से अपनी जरूरतें पूरी करते हैं, वो मेरा परिवार हैं। मेरी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक इनके जीवन में आई मुश्किल को कम करना है। अब नई गाइडलाइंस बनाते समय भी उनके हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। इस समय रबी फसल की कटाई का काम भी जारी है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारें मिलकर प्रयास कर रही हैं कि किसानों को कम से कम दिक्कत हो।

80 करोड़ लोगों को...

अन्न एफसीआई से निकल चुका है। साथ ही, गृह मंत्रालय का कंट्रोल रूम अनिवार्य वस्तुओं और सेवाओं की उपलब्धता की चौबीसों घंटे निगरानी कर रहा है। साथ ही हेल्पलाइन के जरिए जरूरतमंदों की मदद भी कर रहा है।

6 हफ्ते तक चलेंगे टेस्ट किट्सः वहीं, द्बष्टरूक्र की तरफ से बताया गया कि देश में कोरोना टेस्ट किट्स की कोई कमी नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल संस्था के प्रतिनिधि ने बताया, 'हमारे पास इतने टेस्ट किट्स हैं जो अगले 6 हफ्ते तक चलेंगे। हमें RTPCR किट्स भी मिल चुके हैं। इसके अलावा, हम करीब RTPCR 33 लाख किट्स जबकि 37 लाख रैपिड टेस्टिंग किट्स मंगवाने के ऑर्डर दे दिए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

■ न्यूज गैलरी

निगम कर्मी से मारपीट, डेमेज कंट्रोल पर विचार

कोरबा। नगर निगम के एक कर्मचारी के साथ पुलिस के द्वारा की गई मारपीट के कारण अन्य कर्मियों में नाराजगी है। इसे लेकर उन्होंने अपने इरादे जता दिए हैं। निगम के वरिष्ठ अधिकारी मामले पर नजर रखे हुए हैं और हड़ताल जैसी स्थिति को टालने की कवायद में जुटे हुए हैं। खबर के अनुसार लॉकडाउन के दौरान किसी बात को लेकर पुलिस के द्वारा नगर निगम के एक कर्मचारी से मारपीट की गई। आज हुई इस घटना की जानकारी आम होने पर निगम के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। उन्होंने इस मामले को लेकर काम बंद करने और हड़ताल पर जाने की मानसिकता बनाई है। जानकारी मिलने पर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी सक्रिय हो गए। लॉकडाउन के दौर में बुनियादी सुविधाओं और अन्य जरूरतों को पूरा करने का दायित्व नगर निगम पर है। ऐसे में सेवाएं किसी तरह से बाधित न हो और आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसे लेकर गंभीरता दिखाई जा रही है। नगर निगम की विभिन्न टीमें पूरे छह जोन में आम लोगों की सेवा में लगी हुई है।

लॉक-डाउन पालन की समझाइश देने दन्तेवाड़ा में डटी पुलिस

दन्तेवाड़ा। वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए लॉक-डाउन की अवधि दूसरे चरण में बढ़ाकर03 मार्च केंद्र सरकार ने कर दी है। इसी लॉक डाउन का पहला हफ्ता बेहद ही सख्त नियमो के पालनो से भरा होगा। इन्ही नियमो जो जिला पूर्णतः खरा उतरेगा और उस जिले में संक्रमण का 1 भी लक्षण नही मिलेगा। उसे चिन्हाकित कर छूट दी जा सकती हैं. इन्ही सबको देखते हुए दन्तेवाड़ा पुलिस दन्तेवाड़ा शहर के सब्जी मार्केट पर विक्रेताओं और आम जनता से लॉक डाउन के दौरान मास्क लगाने,शोसल डिस्टेंस, बनाये रखने की अपील करते हुए आम जनता से पालन करने की समझाइश दे रही है। इसके साथ ही अनावश्यक निर्देशो का पालन न करने और जबरन घूमने वालो पर कार्यवाही की वैधानिक चेतावनी भी दी जा रही है। टेकनार चौक पर भी यातायात नियमों का पालन करते हुए यातायात करने की समझाइश बाइको और कार चालको को दी गयी। साथ ही अतिआवश्यकता कार्यो के लिए ई पास बनाकर निकलने को वाहन चालकों को कहा गया।

कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने चांपा सब्जी मार्केट का निरीक्षण किया

जांजगीर चांपा। कलेक्टर जनक प्रसाद पाठक और जिला पंचायत सीईओ श्री तीर्थराज अग्रवाल ने आज लाकडाउन के दौरान चांपा के भालेराय मैदान में लग रहे अस्थायी सब्जी मार्केट का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सब्जी विक्रेताओं से चर्चा की, सब्जियों के भाव पूछे, बाड़ी में उपलब्ध मौसमी सब्जियों के बारे में जानकारी ली, परिवहन व्यवस्था आदि की जानकारी ली। कलेक्टर और सीईओ दोनों ने इस दौरान टमाटर, भिंडी, मूली ,कच्ची फ्ली, शकरकंद आदि की खरीददारी की। सब्जी विक्रेताओं से चर्चा करते हुए दुकान खोलने और बंद करने के लिए निर्धारित समय का कड़ाई से पालन करने, विक्रेताओं और सब्जी लेने आए ग्राहकों को फिजिकल डिस्टेंस मेंटेन करने, बाजार में मास्क लगाए रखने तथा बार-बार हाथ धोने की समझाईस दी।

बाबा साहब संविधान शिल्पकार के साथ सच्चे समाज सेवी थे : डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर

जांजगीर। भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की 129 वीं जयंती पर स्थानीय कचहरी चौक स्थित आंबेडकर प्रतिमा में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर ने कहा कि बाबा साहब संविधान के शिल्पकार के साथ ही सच्चे समाज सेवी थे जिनके द्वारा समाज के शोषित वंचित वर्गों को समान अधिकार व सम्मान दिलाने कार्य किया गया। जांजगीर चांपा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी रवि शेखर भारद्वाज ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ों के हित की लड़ाई बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा लड़ा गया, आज उसके फ्लस्वरूप इन वर्गों की सामाजिक, बौद्धिक और आर्थिक उन्नति हुई है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष चुन्नीलाल साहू ने कहा कि बाबा साहब सच्चे कर्मयोगी थे, सीमित संसाधन के बावजूद भी उन्होंने उच्च शिक्षा लिया, जिस शिक्षा के कारण भारत की बड़ी आबादी को दिया गया कानून वरदान सिद्ध हुआ और आज वे वर्ग के लोग अपने जीवन स्तर सुधारने में कामयाब हुए हैं। जयंती कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता रफीक सिद्दीकी, विवेक सिंह सिसोदिया, गिरधारी लाल यादव, गीताराम साहू, बिपिन देवांगन सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता शिशिर द्विवेदी ने दी।

कोरोना सैंपल रिपोर्ट आने में लग रहा समय, बढ़ी चिंता

■ अब तक करीब एक हजार सैंपल जांच के लिए भेजे गए

■ वार्ड क्रमांक 11 के लोगों की सैंपल लेने का काम पूरा, अब अप्रत्यक्ष तौर पर संपर्क में आए लोगों की ले रहे सैंपल

कोरबा। कटघोरा नगर का वार्ड क्रमांक 11 के सभी लोगों का सैंपल लिया जा चुका है। सोमवार को इस वार्ड से सैंपल लेने के बाद अब टीम अप्रत्यक्ष तौर पर संपर्क में आए लोगों का सैंपल लेना शुरु कर दी है। कटघोरा में बीते 10 अप्रैल से कोरोना पॉजिटिव के मामले सामने आने के बाद संक्रमित वार्ड में सैंपल लेने का काम तेजी से शुरु किया गया है। हालांकि सैंपल लेने और उसकी रिपोर्ट आने में लग रहे समय की वजह से लोगों की चिंता बढ़ गई है।

दरअसल 10 अप्रैल को 210 लोगों का, 11 अप्रैल को 290 और 12 अप्रैल को 255 लोगों के सैंपल लेकर भेजे गए थे। 13 अप्रैल को भी 221 लोगों के सैंपल लिए गए। अब तक लगभग एक हजार लोगों के सैंपल एम्स जांच के लिए भेजे जा चुके हैं। इसमें से रविवार की स्थिति में 350 की ही रिपोर्ट ही आयी थी। एक सैंपल लेने और फिर रायपुर भेजने और वहां जांच होने में पूरे 24 घंटे का समय लग जा रहा है। स्थानीय लोगों की मांग है कि जब प्रदेश में सबसे अधिक पॉजिटिव केस कोरबा में आ रहे हैं तो फिर जांच की सुविधा भी यहां शुरु करनी चाहिए। ताकि सैंपल होने के कुछ घंटे में ही रिपोर्ट मिल सके। उधर कटघोरा में संक्रमित लोगों से अप्रत्यक्ष तौर पर जुड़े लोगों के सैंपल लेने का काम शुरु कर दिया गया है।

वालिंटियर्स के पॉजिटिव होने के बाद से व्यापारियों में रोष

वालिंटियर्स के पॉजिटिव होने के बाद कटघोरा के व्यापारियों में रोष देखा जा रहा है। दरअसल वालिंटियर्स ही दुकानों से समान लेकर लोगों के घरों तक सप्लाई करने का काम करता था। इस वजह से व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है। कुछ मेडिकल दुकानदारों ने इसका विरोध भी जताया है उनका कहना है कि ऐसे लोग जो संक्रमित क्षेत्र का ना हो उनको वालिंटियर्स बनाया जाना चाहिए।

लोगों में भय

कटघोरा के लोगों में किस तरह डर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक युवक अपना सैंपल करवाने के लिए संक्रमित वार्ड के भीतर जाने की जिद करने लगा। वह प्रशासन के अधिकारियों से भी भिड़ गया। काफी देर तक हंगामा करने लगा। उसका कहना था कि जिस रफ्तार से जांच हो रही है ऐसे में पूरे कटघोरा का सैंपल होने में कम से कम एक महीने लग जाएंगे। इस वजह से देरी होगी। पुलिस ने उसके खिलाफकेस दर्ज कर लिया है।

एनटीपीसी कोरबा ने उत्पादन में दो नए संयंत्र लारा व सीपत को पछाड़ा

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा । एनटीपीसी कोरबा संयंत्र ने बीते वित्तीय वर्ष 19804.50 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन कर 86.72 पीएलएफ अर्जित किया। कोरबा संयंत्र से लारा एवं सीपत परियोजना पीछे रहे। इन दोनों संयंत्रों से एनटीपीसी कोरबा पुराना संयंत्र है, इसके बाद भी बेहतर प्रदर्शन कर रहा।

एनटीपीसी ने अपने सभी पावर प्लांट को बिजली उत्पादन का पृथक-पृथक टारगेट दिया था। 2600 मेगावाट वाले एनटीपीसी कोरबा संयंत्र को बीते वित्तीय वर्ष 2019-20 में 18604 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन करना था, पर प्लांट ने बेहतर परफारमेंस के आधार पर निर्धारित लक्ष्य से एक हजार से भी ज्यादा बिजली उत्पादन किया। जानकारों का कहना है कि प्लांट ने 31 मार्च को खत्म हुए वित्तीय वर्ष में 19804.50 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन कर नया रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही प्लांट ने 86.72 फीसदी पीएलएफ अर्जित किया। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि कोरबा प्लांट को स्थापित हुए लगभग 37 साल से भी ज्यादा वक्त बीत चुका है, बावजूद प्लांट से बेहतर परफारमेंस के आधार पर टारगेट से अधिक उत्पादन किया। उधर 2980 मेगावाट के एनटीपीसी सीपत परियोजना का 16700 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन करने का टारगेट दिया गया था, पर प्लांट ने इस रिकॉर्ड को पीछे धकेलते हुए 22614.74 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया। इसके साथ ही प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) 86.33 फीसदी रहा। वही एनटीपीसी रायगढ़ जिला में स्थित लारा प्रोजेक्ट की 800 मेगावाट की यूनिट से बिजली उत्पादन हो रहा है। इस प्लांट को 2102 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन करना था, इसके एवज में प्लांट ने 2792.61 मिलियन यूनिट उत्पादन किया। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि लारा प्रोजेक्ट की अन्य इकाईयों का निर्माण अभी पूरा नहीं हो सका है। शेष इकाइयों का काम पूरा होने के उपरांत प्लांट पूर्ण क्षमता के साथ बिजली उत्पादन करेगा।

जंगलवार कॉलेज के अस्पताल में कोविड-19 अस्पताल की व्यवस्था

कांकेर। नोवल कोरोना वायरस से संक्रमित तथा व्यक्तियों के ईलाज के लिए कोविड-19 अस्पताल के रूप में मॉडल कॉलेज कांकेर में आवश्यक संसाधन जुटाये गये हैं, इसके साथ ही अब जंगलवार कॉलेज के अस्पताल को भी अतिरिक्त व्यवस्था के रूप में कोविड-19 अस्पताल के लिए चिन्हांकित किया गया है, साथ ही आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये है। कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने आज जंगलवार कॉलेज के कमाण्डेंट बी.एस.ध्रुव एवं असिस्टेंट कमाण्डेंट अमर कुर्रे तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल उईके और सिविल सर्जन डॉ. आर.सी ठाकुर के साथ आज उक्त अस्पताल का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने एवं अन्य सुविधा मुहैय्या करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया।

कोरोना आपदा से लड़ने शहर के बाद गांव वालों ने बढ़ाए मदद के हाथ

■ धनेलिकन्हार मंडल के छै ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने किया मदद

कांकेर। कोरोना वायरस महामारी के रोकथाम के लिए देश में लॉक डाउन है. 21 दिनों के इस लॉक डाउन के दौरान लोग घरों में मौजूद है. जिसके कारण गरीब एवं रोजी मजदूरी करने वालो के सामने समस्या आन पड़ी है. भोजन पानी की व्यवस्था नही होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है. ऐसे में शासन प्रशासन

को नोवल कोरोना वायरस संक्रमण के नियंत्रण एवं बचाव के लिए के लिये धनेली कन्हार मंडल के अंतर्गत 6 ग्राम पंचायतों ने कोदागांव से 56 हजार 600 रुपये केवटिनटोला से 13 हजार 260 रुपये पोटगांव से 10 हजार 650 अंडी से 4 हजार 670 रुपये कोकानपुर से 46 हजार रुपये बाबू दबेना 2300 रुपये का सहयोग राशि कुल 92 हजार 100 रूपये किया गया । लोगो द्वारा कोरोना पीड़ितो की मदद के लिए दिए दान को ग्राम पंचायत कोदागाँव के सरपँच पंचुराम नायक ने सभी दान दाताओ की राशि को प्रधानमंत्री कल्याण कोष का चेक बनाकर अपर कलेक्टर सी.एल मार्कडेण्य को सौंपा गया।

विधायक ने जिले की सीमाओं से जुड़े ग्रामों का किया निरीक्षण

■ विधायक के साथ जिपं सीईओ पहुंची पैनारी बैरियर

बैकुंठपुर। प्रदेश के कोरबा जिले में मिल रहे पीड़ितों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए कोरिया जिले की सीमाओं को भी सील कर दिया गया है वही कटघोरा छेत्र से आये लोगो की पहचान कर देखरेख में रखा गया जहा सीमा में लगे ग्रामीण छेत्रो में विधायक गुलाब कमरो ने कोरिया, कोरबा व पेंड्रा मरवाही जिले के सीमा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जरौंधा बेरियर व विकासखण्ड खड़गवां के कई ग्रामो का निरीक्षण किया। बेरियर मे विधायक ने कोटवारों व कर्मचारियों को सेनिटाइजर व साबुन वितरण कर लॉक डाउन व शासन के निर्देशो का कड़ाई से पालन करने एवं बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्णतः पाबंदी करने की अपील कर कर्मचारीयो का मनोबल बढ़ाया । इसी दैरान विधायक गुलाब कमरो ने ग्राम पंचायत भौता में कोड़ा चौकी द्वारा बनाये गए बेरियर में भी निरीक्षण किया। बेरियर में कोड़ा चौकी प्रभारी को सेनिटाइजर व कोटवारों को साबुन वितरण कर लॉक डाउन व शासन के निर्देशो का कड़ाई से पालन करने अपील कर सभी को संकट में लगातार कर्तव्य पालन के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर मनोबल बढ़ाया ।

विधायक अम्बिका सिंहदेव ने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर लोगों से की मुलाकात

बैकुण्ठपुर। कोरोना संक्रमण से बचाव व लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बैकुंठपुर विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव इन दिनों लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर रही है। जहां वे लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव की जानकारी दे रही हैं वही जरूरतमंदों को राशन व अन्य राहत सामग्री का वितरण भी कर रही है। विधायक अंबिका सिंहदेव जिला मुख्यालय के निकट स्तिथ ग्राम सीतापुर , रकया व बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 05 हर्रा पारा पहुंची। जहां उन्होंने पंडो बस्ती में आमजनों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। साथ ही पंचायत से राशन का वितरण, आंगनवाड़ी से मिलने वाली कुपोषण सामग्री, रेडी टू इट और मध्यान्ह भोजन के सम्बंध में जानकारी ली। वही कुछ ग्रामीणों के राशन कार्ड नही बनने की जानकारी पर उन्होंने सरपंच और सचिव को निर्देशत किया कि जल्द उनके राशन कार्ड बना कर हितग्राही को उनका राशन दिलाने की व्यवस्था सुनिशिचत करें वही जिनको किसी भी प्रकार से राशन नही मिल पा रहा है उन्हें स्वयं विधायक ने अपने तरफसे राशन दे कर उन्हें आश्वस्त किया कि कोई भी भूखा नही रहेगा। सभी जरुरतमंदों की हर सम्भव मदद की जाएगी ।

ज्योतिबा राव फुले जी 193 वीं जयंती मनाये

बीजापुर। सामाजिक एवं क्रांतिकारी के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फुले जी के 193 वी जन्मदिन बीजापुर जिले में निवासरत मरार समाज के लोगो द्वारा 11 अप्रैल 2020 को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया चुकी वर्तमान समय मे पूरा विश्व कोरोना वायरस के महामारी से पीड़ित है इन विषम परिस्थि में एक स्थान पर एकत्रित होकर प्रतिवर्ष की तरह न मनाते हुए इस वर्ष समाज के लोगो द्वारा 11 दीपक अपने घरों में जलकर जन्म दिवस मनाया गया उक्त कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में बीजापुर ग्राम समिति से गनपत राव गुरला, मादनैय कोतरंगी, मनोज कवेटी, वेंटेश्वर गुरला, गणपत राव बोरला, डॉ. मनोज लम्बाड़ी, रमैया मोरल, गोल्लगुड़ा ग्राम समिति से अजय गुरला सुनील गुरला संजय लम्बाड़ी अप्पाराव लम्बाड़ी , नागेशराव गुरला, कृष्णा गुरला आदि का महत्वपूर्ण सहयोग था।

प्रधानमंत्री के घोषणा के बाद कोरिया पुलिस एलर्ट

बैकुण्ठपुर। प्रधानमंत्री जी के द्वारा लॉक डाउन की अवधि बढ़ाने के बाद कोरिया पुलिस एक बार पुनः सख्ती से निर्देश का पालन करने तैयार है जहा अब चौक चौराहों व मुख्य मार्गो में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। मंगलवार को जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में पुलिस अधिकारी चंद्रमोहन सिंह के दिशा निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक धीरेंद्र पटेल व सिटी कोतवाली प्रभारी विमलेश दुबे के नेतृत्व में पुलिस ने जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में फ्लैग मार्च निकाला व आम जनो को लागू निर्देशो का पालन करने की समझाइस दी गई वही नियमो का पालन नही करने पर कार्यवाही की बात कही ।वही कोरबा जिले में संक्रमण की संख्या बढ़ने के कारण जिले की सभी सीमाओं को सील कर दिया गया है साथ ही

पूरे जिले में लाकडाउन व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के साथ ही वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले से लगे हुए कोरबा जिले के कटघोरा में कोरोना संक्रमितों के मिलने पर कोरिया ज़िले में भी जिला एवं पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। कोरिया पुलिस लाकडाउन व धारा 144 का पालन कराने के लिये इस आपदा में 24 घन्टे मुस्तैदी से तैनात है। युवा पुलिस कप्तान चंद्रमोहन सिंह खुद फील्ड में उतर कर हर थाना व चौकी में क्षेत्र में सतत भ्रमण कर रहे हैं। पल-पल की जानकारी के साथ जिले की सीमा की भी लगातार मानिटरिंग स्वयं कर रहे हैं।

वहीं एडिशनल एसपी डॉ. पंकज शुक्ला व सिटी कोतवाली प्रभारी विमलेश दुबे दिनभर पुलिस के जवानों के साथ घड़ी चौक व मुख्य मार्गो पर कानून व्यवस्था सम्भालने में जुटे हुए हैं। जिला मुख्यालय स्थित घड़ी चौक में सिटी कोतवाली प्रभारी विमलेश दुबे जहाँ अपनी टीम के साथ लॉक डाउन का सख्ती से पालन कराते हुए लगातार बिना वजह घूमने वालों को समझाइश देने के साथ बिना मास्क लगाए शहर में निकले लोगो पर नियम का पालन नही करने पर कार्यवाही भी कर रहे हैं। जिससे स्थिति शांत व व्यवस्थित बनी हुई है।

कोदा गांव में बाबा साहेब की जयंती मनाई गई

काँकेर। मंगलवार को ग्राम पंचायत कोदागांव मे पंचायत के मानस भवन में सोसल डिस्टेंस का ध्यान में रखते हुए कोदागॉव सरपँच पंचुराम नायक के नेतृत्व में डां भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। इस अवसर पर कोरोना वायरस के चलते मास्क व सोसल डिस्टेंस का पालन भी किया गया।इस अवसर पर दिनेश साहू,चुमेंश पटेल,भुवन पटेल उपस्थित रहे।

आर्थिक सहायता स्वीकृत

कांकेर। चारामा तहसील के ग्राम टांहकापार के 53 वर्षीय श्रीमती गंगाबाई की कुंआ में डूबने से मृत्यु के प्रकरण में कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में दिये गये प्रावधानों के तहत मृतक के निकटतम वारिस टकेष्वर, कोमल एवं सन्तु के लिए 04 लाख रूपये की सहायता राषि स्वीकृत किये है। पीड़ित परिवार को स्वीकृत सहायता राषि का भुगतान तहसीलदार चारामा के माध्यम से किया जाएगा।

संक्रमितों के संपर्क में आए छुरी के 76 परिवार होम क्वारंटाइन

कोरबा । कटघोरा में बढ़ रहे पॉजिटिव मरीजों को देखते हुए इससे लगे सबसे बड़े नगर पंचायत छुरीकला को चारों ओर से सील कर दिया गया है। नगर के ऐसे परिवार या व्यक्ति जिनका 15 मार्च के बाद कटघोरा जाने से संबंध रहा है, उन्हें आइसोलेट किया जा रहा है। अब तक 76 परिवारों को आइसोलेट किया जा चुका है। इसमें एक विदेश से आए व्यक्ति का परिवार भी शामिल है। सस्पेक्टेड परिवार की संभावना को देखते हुए नगर के एकलव्य वार्ड को क्वारंटाइन वार्ड में तब्दील किया गया है।

जिला प्रशासन ने कटघोरा में बढ़ते पॉजिटिव मरीजों को देखते हुए निकटवर्ती गांव-नगर को सील कर एहतियात बरतना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में सबसे अधिक आबादी वाला नगर छुरी है। नगर की जनसंख्या 12 हजार है। लिहाजा नगरवासियों के संरक्षण की दृष्टि सावधानी बरती जा रही है। नगर में एक भी केस पॉजिटिव निकलने की दशा में स्थानीय प्रशासन की मुश्किलें बढ़ सकती है। विषम परिस्थितियों को छोड़ नगर में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित होने के साथ नागरिकों के बाहर जाने पर रोक लगा दी गई है। कटघोरा से 15 मार्च के भीतर अब तक कितने लोगों का संपर्क रहा है, इस संबंध में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया जा रहा है।

जमात से जुड़े लोग स्वेच्छा से आएं सामने

कटघोरा में ज्यादातर पॉजिटिव मरीज तब्लीगी जमात अथवा उनसे जुड़े परिवारों के संपर्क में आने से पाए गए हैं। ऐसे में जिला प्रशासन की ओर जमात से जुड़े अथवा उसके संपर्क में आने वाले परिवारों से आग्रह किया जा रहा कि वे स्वेच्छा से सामने आकर इसकी जानकारी दें, जिससे संरक्षण का उपाय किया जा सके। बाद में पता चलने ऐसे व्यक्तियों पुलिस प्रशासन की ओर महामारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

तीन वार्ड अधिक संवेदनशील

नगर में अब तक जिन 76 परिवारों को होम आइसोलेट किया गया है। उनमें वार्ड एक, नौ और आठ के परिवार अधिक हैं। स्थानीय प्रशासन की मानें तो नगर के लगभग सभी वार्डों में आइसोलेट परिवार हैं। लोगों को सख्ती से नियम पालन करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा जा रहा कि लोग घर से बाहर न निकलें। घर से बाहर निकलने वालों के खिलाफ महामारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी जा रही है।

छुरी नगर को कोरोना संक्रमण से संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पूरे नगर को सील कर दिया गया है। राशन, चिकित्सा सेवा के लिए कॉल सेंटर बनाए गए हैं। 15 मार्च तक कटघोरा जाकर स्थानीय लोगों से संपर्क रखने वालों को होम आइसोलेट कर एहतियात बरतने कहा गया है।

-मनीष वारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छुरी नगर पंचायत

न्यूज गैलरी

राज्यपाल ने डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया

रायपुर (नव प्रदेश)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 129वीं जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होनें अपने निवास में डॉ. अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज के कमजोर तबके के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए हमेशा शोषितों और पीड़ितों के लिए आवाज बुलंद की। वे महिला उत्थान के भी प्रबल पक्षधर थे और उन्हें सशक्त, सबल एवं शिक्षित करने पर बल दिया।

ब्राइट स्टार इंवेस्टमेंट्स प्राईवेट लिमिटेड ने दिए 2.50 करोड़ रू. की सहयोग राशि

रायपुर (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री सहायता कोष में ब्राइट स्टार इंवेस्टमेंट्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव और रोकथाम तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए 2 करोड़ 50 लाख रूपए की सहयोग राशि दी गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ब्राइट स्टार इंवेस्टमेंट्स प्राईवेट लिमिटेड एवं डी-मार्ट के प्रतिपालक राधाकिशन दमानी को संकट की घड़ी में लोगों की सहायता के लिए आगे बढ़ कर सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया है।

वरिष्ठ पत्रकार के पुत्र का निधन, सीएम ने जताया शोक

रायपुर (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार आसिफ इकबाल के पुत्र का इंदौर में निधन होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए ईश्वर से इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

राज्यपाल ने दुख व्यक्त किया

रायपुर (नव प्रदेश)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राजधानी रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार श्री आसिफइकबाल के पुत्र श्री युसुफ खान के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने स्वर्गीय श्री युसुफ खान के शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

प्रदेश के भक्तों की चारधाम यात्रा में फंसा पैसा

लॉकडाउन-2 के 3 मई तक बढ़ने के बाद मांग रहे पैसा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। चारधाम की यात्रा अप्रैल अंत से शुरू होती है,हजारों की संख्या में छत्तीसगढ़ से जाने वाले भक्त या तो रायपुर से ही या हरिद्वार से पैकेज बनाकर बुकिंग करा चुके हैं। कोरोना आपदा के बीच वे पहले दौर का लॉकडाउन खत्म होने का इंतजार कर रहे थे। टूर ट्रेवल्स वालों से सतत संपर्क में भी थे लेकिन आज जैसे ही 3 मई तक आगे बढ़ाये जाने की घोषणा हुई तो वे अपनी यात्रा स्थगित कर पैसा वापसी के बंदोबस्त में लग गए हैं। हालांकि बताया जा रहा है कि केदारनाथ व बद्रीनाथ के पट तो समय पर शुभ मुहूर्त में ही खुलेंगे।

हरिद्वार के निजी ट्रेवल्स वालों का कहना है कि चार धाम की यात्रा को लेकर अब कोई भी फैसला केंद्र सरकार के निर्देशों को ध्यान में रखकर ही लिया जाएगा. कोरोना संक्रमण के चलते राज्य और जिलों की सभी सीमाएं भी बंद हैं.शेड्यूल के अनुसार 26-27 अप्रैल से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने जा रहे हैं. जबकि 29-30 अप्रैल को केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे. हर साल हजारों लाखों की संख्या में चार धाम की यात्रा के लिए देश और विदेश से श्रद्धालुओं का जत्था यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं लेकिन इस बार यात्रा पर कोरोना का ग्रहण लग गया है और भक्त भी काफी निराश हैं। सीजनल धंधा होता है और अब वह पूरी तरह चौपट होने की कगार पर पहुंच चुका है। एडवांस का पैसा तो उन्हे लौटाना ही पड़ेगा।

जंगल की जमीन पर कर रहे थे कब्जा, दो परिवार गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। धमतरी जिला के नगरी क्षेत्र में रहने वाले दो परिवार गरियाबंद परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोबा दशपुर के जंगल जमीन में अवैध कब्जा कर झोपड़ी निर्माण कर रहे थे। जिसके विरूध्द वन विभाग ने लगातार दो बार बेदखली की कार्यवाही की है। डीएफ्ओ मयंक अग्रवाल ने बताया कि धमतरी जिले में रहने वाले इस दो परिवार के चार सदस्यो ने लगातार दो बार 12 और 13 अप्रैल को जंगल जमीन पर अवैध कब्जा करने झोपड़ी निर्माण थी इसके लिए जंगल के वृक्षो की गर्डिंग व बल्लीनुमा लकड़ी की कटाई भी की थी। 12 अप्रैल को पहली बार कार्यवाही करते हुए जमना बाई पति सरजू राम गोड़ तथा गीता बाई पति सुरेश कुमार गोंड़ के विरूध्द वन अधिनियक की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया था साथ ही अवैध झोपड़ी को हटा दिया गया था। इस दौरान कुल 64 नग मिश्रिम बल्ली जप्त करने के साथ ही दोनो पर चार चार हजार जुर्माना भी लगाया गया और अतिक्रमण छोड़ने की शर्त पर प्रकरण नस्ती किया था परंतु दोनो आरोपी के पतियो द्वारा एक ही रात में 13 अप्रैल को पुन अवैध झोपड़ीनुमा मकान निर्माण कर लिया गया। जिसे पुन वन विभाग की टीम द्वारा बेदखल किया गया हैं। इसमें आरोपी सरजू राम पिता देशराम जाति गोड़ व सुरेश पिता बिदेराम जाति गोड़ के विरूध्द वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियो के पास से 82 नग बांस बल्ली जप्त की गई है।

डीएफ्ओ मयंक अग्रवाल ने बताया कि आरोपी परिवार धमतरी जिले से है। इसमें सरजुराम धमतरी के नगरी तहसीलद अंतर्गत ग्राम मुकुंदपुर तथा सुरेश कुमार मगरलोड तहसीलद अंतर्गत ग्राम भोभलाबाहरा का निवासी है। वर्तमान ये जोबा में अपने रिश्तेदारो के यहां निवास कर रहे थे जिसे वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष का सहयोग भी मिल रहा था।

सीबीएसई पाढ्यक्रम के बच्चों और पालकों की बढ़ी चिंता

सीबीएसई और सीआईएससीई पर भी लॉकडाउन-2 का असर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना आपदा ने स्कूली बच्चों के परीक्षा सत्र का ही कबाड़ा कर दिया है। सीबीएसई पाठ्यक्रम के बच्चों व पालकों की चिंता आज फिर बढ़ गई है, अब 3 मई तक लाकडाउन रहेगा तो बचे पेपर्स के क्या होंगे इस लिहाज से वे फ्यूचर प्लानिंग भी नहीं कर पा रहे हैं। बारहवीं के तो अलग-अलग संकायों में लगभग सभी मुख्य पेपर बाकी है। अनुमान था कि 15 अप्रैल के बाद लॉकडाउन में थोड़ी छूट मिलने पर शायद परीक्षाएं कराई जा सकेंगी। लेकिन अब तो वह भी संभव नहीं दिख रहा है।

वहीं मालूम हो कि कई राज्यों में बोर्ड परीक्षाएं और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) द्वारा आयोजित परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। यदि सीबीएसई कुछ पेपरों पर जनरल मार्किंग करने का फैसला ले भी ले तो कैसे ले क्योंकि मुख्य पेपर तो आर्ट्स,कामर्स व बायो सभी के बाकी है। स्थानीय स्कूल प्रबंधन भी बता पाने की स्थिति में नहीं है क्योकि जो भी होगा नेशनल पैटर्न पर ही तय होगा।

इधर छत्तीसगढ में बोर्ड परीक्षाओं को छोड़कर शेष में जनरल प्रमोशन देने का फैसला लिया गया है, लेकिन बोर्ड के कुछ पेपर रह गए हैं उन पर एक बार फिर से असमंजस की स्थिति बन गई है क्योकि लाकडाउन का दूसरे दौर की अंतिम तारीख 3 मई है। यदि परीक्षा हुए भी तो मई के दूसरे सप्ताह में संभव हैं। हालांकि पहले उन्होने 4 से 8 मई के बीच बचे पेपर लेने की बात कही थी। देखा जाए तो पूरे शैक्षणिक सत्र का शेड्यूल ही गड़बड़ा गया है।

युवक पर वनभैंसा ने किया हमला

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। वन परिक्षेत्र सिंघोड़ा के वनांचल गांव बांझापाली के सत्यनारायण प्रधान उम्र 45 वर्ष को अपने खेत में महुआ बिनते समय पिछे से वनभैंसा द्वारा जबरदस्त हमला कर दिया जिससे सत्यनारायण को गंभीर रुप से घायल हो गया आसपास के लोगो ने किसी तरह वनभैंसा को खदेड़ कर उसे 112 कि मदद से खण्ड चिकित्सालय भेजा गया है। घटना मंगलवार सुबह नौ बजे कि बताई जा रही है, कुछ वर्ष पहले भी वनभैंसा क्षेत्र के रिहायशी इलाके में दहशत फैला चुका है। समाचार लिखे जाने तक घटना की अधिकारिक पुष्टि वन विभाग द्वारा नहीं आई है।

तेन्दुआ दिखा, ग्रामीण दहशत में गांव में छाई वीरानी

नव प्रदेश संवाददाता

धमतरी। नगरी के ग्राम रतावा के बाद अब दिनकरपुर में तेंदुआ दिखाई दिया ,है जिससे क्षेत्र में दहशत है। मालूम हो कि बीते कुछ दिनों से नगरी क्षेत्र के अलग अलग गांव में तेंदुआ नजर आ रहा है। बताया गया कि आज सुबह दिनकरपुर में कुछ लोगों को तेंदुआ नजर आया, जिसे देख लोग सहम गये थे। हालांकि कोई अनहोनी नहीं हुई मगर क्षेत्र में दहशत है। जबकी इससे पूर्व तेंदुआ एक गांव में कुत्ते का शिकार कर चुका है। वहीं ग्राम रतावा में एक छह वर्षीय बालक पर भी हमला कर उसे उठाकर ले जा रहा था जब बच्चे ने जोर से चीख लगाई तो वह उसे छोड़ भागा था। उसके हमले से बालक घायल भी हुआ है जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा। इधर क्षेत्र में तेंदुए के बार बार नजर आने से लोग सहम गये है। वन विभाग को भी सूचना दे दी गई है।

राज्यपाल को परोपकार फाउण्डेशन ने मास्क-सेनिटाइजर कीट भेंट किया

रायपुर (नव प्रदेश)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके को आज परोपकार फाउण्डेशन द्वारा मास्क-सेनिटाइजर की सेफ्टी कीट भेंट की गई। इस अवसर पर श्री नितिन अग्रवाल, श्री दीपक रहेजा, श्री संदीप व्यास उपस्थित थे। श्री अग्रवाल ने राज्यपाल को बताया कि उनकी संस्था द्वारा लॉकडाउन के दौरान कोरोना वायरस से बचाव के लिए शहर के विभिन्न स्थानों में सेनिटाइजर व मास्क, फुड पैकेट वितरित किए जा रहे है। अब तक 15 हजार से अधिक राशन सामाग्री का पैकेट, करीब 26 हजार खिचड़ी के पैकेट, 5 हजार से अधिक मास्क और साथ ही सेनिटाइजर वितरित किए जा चुके है।

मंदिर की दान पेटी पार सीसीटीवी में कैद चोर

जांच में जुटी पुलिस

नव प्रदेश संवाददाता

धमतरी। लॉक डाउन के बीच विंध्यवासिनी मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। घटना शनिवार की रात की है। घटना की सूचना जब मंदिर ट्रस्ट को लगी तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दीजजिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है जिसमे दो युवक चोरी करते नजर आ रहा है।

दअरसल बताया जा रहा है कि शहर के विंध्यवासिनी मंदिर में शनिवार की रात दो युवकों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सीसीटीवीमें साफ दिखाई दे रहा है कि दो युवक मंदिर के पीछे दीवार फाँदकर मंदिर में प्रवेश करते है। जिसके बाद हनुमान मंदिर के मैन गेट को तोड़कर दान पेटी में श्रद्धालुओं के द्वारा चढ़ाए हुए पैसों का हाथ साफ कर दियाज्बताया जा रहा है कि दानपेटी से करीब डेढ़ हजार रु चोरी कर ले गए। घटना शनिवार की रात 11.24 मिनट की है। दान पेटी को तोड़ते वक्त मंदिर का चौकीदार का नींद खुली और तुंरत इसकी सूचना मंदिर के अन्य सदस्यों को दी। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस मंदिर पहुँचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अब देखना होगा कि सीसीटीवी में कैद चोरों को पुलिस कब पकड़ेगी।

भाजपा नेताओं ने किया बाबा साहब को याद, पुष्पांजलि अर्पित

नेताप्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री ने घर पर तो प्रदेश इकाई ने पार्टी दफ्तर दी श्रद्धांजलि

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने मंगलवार को संविधान रचयिता भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती पर विविध व्यक्तिगत कार्यक्रम रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर जारी लॉकडाऊन में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए इन कार्यक्रमों को व्यक्तिगत स्तर पर रखा गया था। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर डॉ अम्बेडकर के योगदान का पुण्य स्मरण भी किया।

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री सौदानसिंह और प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र का पूजन कर, माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने भी डॉ अम्बेडकर का पुण्य स्मरण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में आकर्षक रंगोली भी बनाई गई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेण्डी ने अपने निवास पर ही संविधान रचयिता डॉ अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने भी अपने निवास पर डॉ. अम्बेडकर के चित्र का पूजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव व संसद सदस्य सुश्री सरोज पाण्डे ने नई दिल्ली स्थित अपने निवास पर भारत रत्न डॉ अम्बेडकर की 129वीं जयन्ती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संसद सदस्य रामविचार नेताम ने अपने निवास पर संविधान रचयिता डॉ अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा स्थित अपने निवास में पुष्पांजलि अर्पित की।

सभी भाजपा पदाधिकारियों व नेताओं ने इस मौके पर भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक व राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डाला। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री उसेण्डी ने कहा कि डॉ अमेबडकर ने जातिवाद की जिस सामाजिक बुराई के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया वह प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जातिभेद की इस सामाजिक बुराई का अन्त करके हम एक नए सामाजिक धरातल पर नए भारत की नींव रखने के लिए कृतसंकल्पित हों, यही डॉ अम्बेडकर के प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने स्वतंत्र भारत के जिस संविधान की रचना की उसके प्रति निष्ठावान रहते हुए हम सभी भारतीय विश्व के सबसे ब? लोकतंत्र के गौरव को अनुभव कर रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र की सफलता इस तथ्य पर आश्रित है कि जातिभेद के विषैले दंश से भारतीय समाज को मुक्त कर सामाजिक समरसता के भाव से भर दें ताकि एक राष्ट्र के रूप में हर एक भारतीय उस लोकतांत्रिक व सामाजिक गौरव की अनुभूति कर सके जसका सपना भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर ने संजोया था।

डा. अम्बेडकर भारत गणराज्य एवं स्वतंत्र भारत के संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे: डा. महंत

■ विधानसभा अध्यक्ष ने डा. भीमराव अम्बेडकर को दी पुष्पांजलि

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आज उन्हें याद करते हुए कहा कि वे भारत गणराज्य एवं स्वतंत्र भारत के संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे। डा. महंत ने आज विधानसभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में प्रतिष्ठापित भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। डा. महंत ने अपने संदेश में कहा कि वे भारत गणराज्य एवं स्वतंत्र भारत के संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे। उन्होंने कई आंदोलनों का नेतृत्व किया, जिसका उद्देश्य देश के दलित सदस्यों पर अत्याचारों के खिलाफ समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सुशिक्षित करना था। उन्होंने लोगों को इन भेदभावों के खिलाफ लड़ने के लिए सदैव प्रेरित किया। डा. महंत ने कहा कि डा. अम्बेडकर हमारे देश के प्रसिद्ध राजनेता, शिल्पकार, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री एवं कानूनविद थे। वे स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री थे। भारत में सामाजिक भेदभाव और जातिवाद को जड़ से मिटाने के अभियान के लिए उन्होंने पूरे जीवन भर संघर्ष किया। उनकी नेतृत्व क्षमता के कारण देश की जनता ने पूरे विश्वास के साथ उनका अनुसरण किया और अभी भी देश के लोग उन्हें एक प्रेरणा पुरूष के रूप में याद करते है।